03 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 223

सीएम और उनके अफसर मुझे झूठे केस में फंसाने की कर रहे साजिश : बाबूलाल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रांची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

प्रधानमंत्री ने आइएटीए की वार्षिक बैठक को किया संबोधित

## भारत अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में उभरता हुआ लीडर है: मोदी

- भारत में 42 साल बाद हो रही इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक
- मोदी ने कहा, वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का उड्डयन उद्योग वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी है। ग्लोबल एविएशन इकोसिस्टम में हम न केवल एक विशाल मार्केट हैं, बल्कि पॉलिसी लीडरशिप, इनोवेशन और इंक्लूसिव डेवलपमेंट के प्रतीक भी हैं। प्रधानमंत्री सोमवार को नयी दिल्ली में भारत इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आइएटीए) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इंटरनेशनल एविएशन सेक्टर के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये इवेंट चार दशक बाद भारत में हो रहा है। इन चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। आज भारत वैश्विक अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में एक उभरता हुआ लीडर है। आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

**1983 के बाद हो रही बैठक :** 42 सालों के लंबे अंतराल के बाद भारत 2025 में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और वर्ल्ड एयर ट्रांसपोर्ट समिट की 81वीं वार्षिक आम सभा की मेजबानी कर रहा है। भारत ने पिछली बार आइएटीए की मेजबानी साल 1983 में की थी। यह ग्लोबल इवेंट दिल्ली के भारत मंडपम में 3 जून तक चलेगा। इवेंट में ग्लोबल एविएशन इंडस्ट्री लीडर्स, सरकारी अधिकारियों और इंटरनेशनल मीडिया रिप्रेजेंटेटिव समेत 1700 से ज्यादा लोग शामिल हैं।



### देश में 162 ऑपरेशनल एयरपोर्ट हैं

मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एविएशन बाजार है। हमारी उड़ान स्कीम की सफलता इंडियन सिविल एविएशन का एक गोल्डन चैप्टर है। 2014 तक भारत में 74 ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स थे। आज इनकी संख्या बढ़ कर 162 हो चुकी है। आज हमारे एयरपोर्ट्स की हैंडलिंग कैपेसिटी हर साल 50 करोड़ यात्रियों तक पहुंच चुकी है। भारत आज दुनिया के उन गिने-चुने देशों में है, जो टेक्नोलॉजी के जरिए यूजर्स एक्सपीरियंस के नये स्टैंडर्स सेट कर रहा है। दुनिया की बड़ी एविएशन कंपनियों के लिए भारत में निवेश के लिए ये एक बेहतरीन अवसर है। हम चाहते हैं कि दुनिया, भारत को एक एविएशन मार्केट नहीं, बल्कि एक वैल्यू चेन लीडर के रूप में भी देखे। हमारी दिशा सही है, हमारी गति सही है, इसलिए हमें विश्वास है कि हम तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे।

## 19 जून को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे नितिन गडकरी

### रातू रोड को पिछले चार दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरि़डोर पर फर्राटा भरने का समय आ गया है। इसे जनता को 19 जून को समर्पित किया जायेगा। इसके लिए रांची में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसे जनता को समर्पित करेंगे। इस सिलसिले में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में गडकरी से मुलाकात की और उनसे कॉरि़डोर के लोकर्पण का आग्रह किया।

संजय सेठ के मुताबिक यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, जिसकी सौगात रांची की जनता को मिली है। लोकार्पण होने के बाद रातू रोड को पिछले चार दशक के जाम से मुक्ति मिलेगी। वाहनों का आवागमन सुगम हो सकेगा और रांचीवासी भी राहत महसूस करेंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण की तैयारी जल्द शुरू हो जायेगी।



### जेइइ एडवांस का रिजल्ट जारी, जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन आज से

**नयी दिल्ली।** जेइइ एडवांस का रिजल्ट सोमवार को आ गया। इसमें कुल 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 54,378 ने क्वालिफाइ किया। कोटा में रहकर तैयारी करने वाले राजित गुप्ता ने परीक्षा में टॉप किया है। इस साल कॉमन रैंक लिस्ट के लिए मिनिमम कट-ऑफ 20.56% रहा। परीक्षार्थी अपने स्कोर के आधार पर जोसा काउंसलिंग में शामिल होंगे और अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून को शुरू होंगे।


## आइपीएल फाइनल आज, समापन समारोह की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर'

- पंजाब और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** आइपीएल का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जायेगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा।

उधर, सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में यह किराया 3500 से 5000 तक रहता है। इसी तरह, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 80 हजार टिकट बिक चुके हैं। अहमदाबाद स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 1.32 लाख है। 25,000 सीटें रिजर्व रखी गयी हैं। अहमदाबाद में 3 मार्च को मेट्रो सेवाएं नियमित समय से ज्यादा रात 12.30 बजे तक चलेंगी। मेट्रो यात्रियों की सुविधा के लिए जीएमआरसी ने आइपीएल मैच के दिन वापसी यात्रा के लिए एक विशेष पेपर टिकट पेश किया है। इसी टिकट से ही यात्रा करने की अनुमति होगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर रिजल्ट ने उठाये सवाल

## ■ हेमंत सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद नहीं सुधरा उत्कृष्ट स्कूलों का रिजल्ट

## ■ अब इन स्कूलों पर होगी कार्रवाई और खराब रिजल्ट के कारणों की होगी जांच

**झारखंड में स्कूली शिक्षा के रिजल्ट का दौर लगभग खत्म हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ), इंडियन काउंसिल ऑफ स्कूल एजुकेशन (आइसीएसइ) और झारखंड अधिविद्य परिषद(जैक) द्वारा ली जानेवाली 10वीं और 12वीं कक्षा के रिजल्ट घोषित किये जा चुके हैं। इसके साथ ही अब बच्चों और उनके अभिभावकों का ध्यान उच्च शिक्षा की तरफ केंद्रित हो चुका है। लेकिन इस साल रिजल्ट के विश्लेषण से एक बात साफ हो गयी है कि झारखंड में स्कूली शिक्षा व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। हेमंत सोरेन सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद राज्य के स्कूलों का रिजल्ट इस साल खराब हुआ है। सबसे खास बात यह रही कि राज्य के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का रिजल्ट भी पिछले साल के मुकाबले इस साल खराब हुआ। ये स्कूल ऑफ एक्सीलेंस झारखंड की स्कूली शिक्षा की उत्कृष्ट छवि दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए शुरू किये गये हैं और इनमें किसी निजी स्कूल की तरह सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद यदि इन स्कूलों का रिजल्ट बढ़िया नहीं हुआ, तो इसका मतलब यही निकाला जा सकता है कि इन स्कूलों की व्यवस्था में ही कहीं न कहीं कोई खामी है। अब राज्य सरकार ने खराब रिजल्ट वाले स्कूलों से इसका कारण पूछा है, क्योंकि इनके प्रदर्शन ने पूरे राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिये हैं। इन स्कूलों के रिजल्ट ने हेमंत सोरेन सरकार के प्रयासों को भी पलीता लगा दिया है। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। कैसा रहा झारखंड के स्कूलों का रिजल्ट और इसके खराब होने का क्या हो सकता है कारण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



हर साल अप्रैल-मई को रिजल्ट का महीना कहा जाता है। इन दो महीनों में देश भर में स्कूली शिक्षा के विभिन्न बोर्डों के रिजल्ट घोषित होते हैं और बच्चे और उनके अभिभावक उच्च शिक्षा की तरफ ध्यान देते हैं। झारखंड में भी दो केंद्रीय बोर्डों के अलावा राज्य अधिविद्य परिषद द्वारा ली गयी 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। केवल 12वीं आर्ट्स का रिजल्ट आना बाकी है। इस साल झारखंड के स्कूलों का रिजल्ट बहुत अच्छा नहीं रहा। इसलिए राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छवि को झटका

इस साल झारखंड के मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छवि को बड़ा झटका लगा है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, हाल ही में घोषित सीबीएसइ 10वीं बोर्ड परीक्षा में इन स्कूलों में से कई का 10वीं परीक्षा में कुल सफलता प्रतिशत 60% से भी नीचे रहा। इससे सरकार की योजनाओं पर प्रश्नचिह्न लग गया है। झारखंड के 19 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सीबीएसइ 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। इन स्कूलों का परिणाम 19.64% से 57% के बीच रहा, जो राज्य द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानक 60% से कम है।

### खराब रिजल्ट वाले स्कूलों को नोटिस

खराब प्रदर्शन करने वाले 19 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को राज्य सरकार ने कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी किया है। स्कूलों को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया है, अन्यथा संबंधित प्रधानाचार्यों पर विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। इन स्कूलों को समय-समय पर निर्देश दिये गये थे कि मॉडल टेस्ट और रेमेडियल क्लासेस का नियमित संचालन करें, लेकिन रिजल्ट बताता है कि इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। यह स्कूल प्रबंधन की शिथिलता और लापरवाही का नतीजा है। जिन स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, यदि वे संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं, तो उनके प्रधानाचार्यों के खिलाफ सरकारी सेवक नियमावली के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### झारखंड में खोले गये हैं 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

झारखंड में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संचालित हैं। हर जिले में कम से कम दो से तीन ऐसे स्कूल हैं। झारखंड के सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गयी है। इनमें पहली से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। 27 स्कूलों में नौवीं से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई होती है। 48 स्कूलों में कक्षा छह से 12वीं तक और चार स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। एक स्कूल में कक्षा एक से 10वीं तक की पढ़ाई होती है। इन स्कूलों में 12 हजार बच्चे पढ़ते हैं। हर साल इसमें नामांकन के लिए 35 से 40 हजार बच्चों के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है और मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन होता है।

### शिक्षा गुणवत्ता सुधार की थी मंशा

झारखंड राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की गयी थी। इन स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक लाइब्रेरी और विज्ञान प्रयोगशालाएं जैसी मॉडर्न सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी थीं।

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की मंशा थी कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उच्चस्तरीय शिक्षा मिल सके।

### खराब रिजल्ट के संभावित कारण

खराब रिजल्ट के कई अलग-अलग कारण बताये जा रहे हैं। इनमें प्रमुख है शिक्षकों की कमी। कई बार शिकायतें आयी हैं कि इन स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त नियुक्ति नहीं हो सकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल तकनीकी संसाधनों से शिक्षा की गुणवत्ता नहीं सुधर सकती, जब तक कि मानव संसाधन और प्रशिक्षण पर समान रूप से ध्यान न दिया जाये। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की इस विफलता ने स्कूली शिक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया है। सरकार की सख्ती इस बात का संकेत है कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर अब लापरवाही नहीं चलेगी। हालांकि दीर्घकालिक सुधार के लिए नीतिगत बदलाव और शिक्षकों की पर्याप्त नियुक्ति भी उतनी ही आवश्यक है।

### जैक बोर्ड के रिजल्ट में भी पिछड़े कई जिले

इसके अलावा जैक बोर्ड के इंटरमीडिएट साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। कई जिलों का जहां प्रदर्शन बेहतर रहा है, वहीं कई जिले निचले पायदान पर रहे। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग अब खराब रिजल्ट वाले जिलों के साथ-साथ स्कूलों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। खराब रिजल्ट वाले तीन से पांच जिले और 60 फीसदी से कम रिजल्ट वाले संस्थानों से स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। जिलों को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया जायेगा और किन कारणों से परिणाम खराब हुआ है, यह भी देखा जायेगा। शिक्षकों और संसाधनों के बावूजद अगर छात्र-छात्रा असफल हुए होंगे, तो संबंधित स्कूलों के प्राचार्य या प्रभारी प्रधानाध्यापक पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

### उचित है राज्य सरकार की चिंता

तमाम संसाधन देने के बावजूद यदि स्कूलों का रिजल्ट खराब होता है, तो यह चिंता की बात है। हेमंत सोरेन सरकार ने स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए जितनी कोशिश की है, उसकी जितनी भी तारीफ की जाये, कम है। इसके बावजूद यदि रिजल्ट खराब हो रहा है, तो इसके लिए जिम्मेवारी तय करनी होगी। स्कूली शिक्षा किसी भी समाज के भविष्य की नींव होती है और इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जा सकता है। हेमंत सरकार इसे समझती है।

---

## पटना से रांची आ रहे विमान से टकराया पक्षी, बड़ा हादसा टला

# 40 मिनट तक हवा में यात्रियों की अटकी सांसें, इमरजेंसी लैंडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। पटना से रांची आ रही इंडिगो की विमान में लैंडिंग से पहले पक्षी से टकरा गया। इस विमान में कुल 175 यात्री थे। पक्षी के टकरा जाने के कारण विमान को 40 मिनट तक हवा में रखा गया। इसके बाद सुरक्षित तरीके से पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग करायी। बात दें कि सभी यात्री जो विमान में सवारे थे वह सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार, इंडिगो की विमान (एयरबस 320) पटना से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट175 यात्रियों को लेकर आ रही थी। ऐसे में रांची के पास विमान की पक्षी से टक्कर हो गयी। घटना के समय विमान 10-12 नॉटिकल माइल्स दूर, 3000-4000 फीट की ऊंचाई पर था। इस हादसे मे नुकसान सिर्फ विमान को ही हुआ है। वहीं सभी यात्री सुरक्षित हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एक गिद्ध जो 4 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था उससे विमान की टक्कर हो गयी। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। पायलट ने अपनी सूझबूझ से विमान को करीब 40 मिनट तक सुरक्षित उड़ान में रखा। गिद्ध के टकरा जाने से विमान में डेंट लगा है। ऐसे में विमान को हुए नुकसान के आकलन करने में इंजीनियर्स जुटे हुए हैं।

---

### गोड्डा में नकली शराब की बड़ी खेप बरामद एक गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** गोड्डा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस को नकली शराब के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर 502 बोतल नकली विदेशी शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मुफस्सिल थाना प्रभारी आनंद शाह के नेतृत्व में की गयी। पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने सोमवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गयी। बरामद शराब को बिहार भेजने की तैयारी थी, जहां शराबबंदी लागू है। पुलिस ने मौके से बोतल, रैपर, ढक्कन, केमिकल और पैकिंग सामग्री भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

---

# पूर्व विधायक सीता सोरेन ने पासपोर्ट रिलीज करने की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की पूर्व विधायक सीता सोरेन ने 2012 के राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में अपना पासपोर्ट रिलीज करने के लिए सीबीआइ की विशेष अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया है कि उनका पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए जारी किया जाये। सीता सोरेन इस बहुचर्चित घोटाले की एक मुख्य आरोपी हैं। इस मामले में उनके साथ उनके पिता बीएन मांझी, आप्त सचिव राजेंद्र मंडल, और राज्यसभा के तत्कालीन प्रत्याशी आरके अग्रवाल समेत कुल छह लोग आरोपी बनाये गये थे।



### क्या है मामला

बता दें कि यह मामला 30 मार्च 2012 को हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें दो सीटों के लिए मतदान हुआ था। पवन धूत और आरके अग्रवाल उम्मीदवार थे। सीबीआइ के अनुसार सीता सोरेन ने आरके अग्रवाल के पक्ष में मतदान के एवज में पैसे लिये थे। इस कथित खरीद-फरोख्त के खुलासे के बाद निर्वाचन आयोग ने चुनाव को रद्द कर दिया था।

### न्यायिक प्रक्रिया अभी भी जारी

बाद में 3 मई 2012 को दोबारा चुनाव कराये गये, जिसमें संजीव कुमार और प्रदीप बलमुचू विजयी हुए थे। मामले की जांच सीबीआइ द्वारा की जा रही है और अभी भी न्यायिक प्रक्रिया जारी है। अब सीता सोरेन ने अदालत से अपने पासपोर्ट की अस्थायी रिलीज की मांग की है ताकि वह उसका नवीनीकरण करा सकें। अदालत इस याचिका पर आगामी सुनवाई में निर्णय लेगी।

---

# आइइडी ब्लास्ट में घायल जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में जारी माओवादी विरोधी कार्रवाई के दौरान जख्मी हुए जवान को सोमवार को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। जख्मी जवान की पहचान सीआरपीएफ कोबरा 209 बटालियन के जवान सुनील कुमार के तौर पर की गयी है। उन्हें राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि 30 मई को सारंडा जंगल के जराइकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरिलपोसी के जंगली और पहाड़ी इलाके में नक्सलियों द्वारा बिछाए गये आइइडी विस्फोट की चपेट में आने से सुनील कुमार बेतरह जख्मी हो गये थे।



**सारंडा में सक्रिय हैं शीर्ष माओवादी नेता :** मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के कई शीर्ष नेता (जैसे- मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा) सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। इन माओवादियों की मौजूदगी के इनपुट्स मिलने के बाद चाइबासा पुलिस, सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों (203, 209, 26, 60, 134, 174, 193, 197), झारखंड जगुआर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीम इलाके में तलाशी अभियान चला रही है।

### जारी है माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन

बढ़ते खतरे को देखते हुए सुरक्षा बलों का सघन तलाशी अभियान क्षेत्र में लगातार जारी है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी हालत में क्षेत्र को नक्सलियों के कब्जे में नहीं जाने दिया जायेगा और हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

---

# टीपीसी के दो सदस्य हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टीपीसी उग्रवादी संगठन के दो सक्रिय सदस्यों सुमित लहरी और मनु सिंह को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। एसएसपी ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि सुमित लहरी बुढ़मू और बड़कागांव थाना के सीमावर्ती क्षेत्र में छिपकर अपने पैर का इलाज करा रहा था। इस खबर के बाद ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू और बड़कागांव थाना के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम बिंजा में छापा मारा। वहां से पुलिस ने सुमित लहरी को टीपीसी के पर्चे के साथ घायल अवस्था में पकड़ा। इसके बाद सुमित लहरी की निशानदेही पर ग्राम बिंजा के मनु सिंह उर्फ अभिमन्यु को एक पिस्टल, दो जिंदा गोलियां एवं एक चिड़िया मारने वाले हथियार के साथ गिरफ्तार किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.4 °c | 27.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.02 बजे |



# सीएम और उनके अफसर मुझे झूठे केस में फंसाने की कर रहे साजिश : बाबूलाल



**अफसर कितनी भी साजिश कर लें, वे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आवाज उठाना जारी रखेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें, उनके करीबियों को झूठे केस में राज्य सरकार के स्तर से फंसाये जाने की आशंका फिर जतायी है। सोमवार को गिरिडीह में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीएम और उनके बेहद चहेते सरकारी अफसर उन्हें और उनके लोगों को डराने धमकाने में लगे हैं। ऐसा लगता है मानो इसकी सुपारी ले ली गयी हो। मेरे ऊपर हमला भी हो सकता है। उनके और उनके परिजनों, नजदीकी लोगों को झूठी साजिश में फंसाया भी जा सकता है। यह सब इसलिए भी हो रहा है क्योंकि उनके स्तर से लगातार झारखंड में भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठायी जा रही है। इससे सरकार और सिस्टम में बैठे अफसर भयभीत हैं।

## डेग-डेग पर भ्रष्टाचार

बाबूलाल मरांडी के मुताबिक, राज्य में कहीं कोई ऐसा सिस्टम नहीं है जिसमें भ्रष्टाचार ना दिखता हो. शराब, बालू, कोयला, पत्थर, जमीन घोटाला और इसमें माफियाओं के हावी रहने का मसला वे उठाते रहे हैं। नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ी संस्थाएं (जेपीएससी, जेएसएससी) भी गलत राह पर हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में लूट का भी मसला है। बाबूलाल ने कहा कि वर्ष 2013 में भी राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार थी जबकि केंद में यूपीए की सरकार थी। उस दौरान शिकारीपाड़ा (दुमका) के नक्सलियों को उनके लिए सुपारी दिये जाने की सूचना सामने आयी थी। इसके बाद केंद की पहल पर राज्य सरकार की सुरक्षा हटाकर सीआरपीएफ के जवानों को उनकी निजी सुरक्षा में लगाया गया था। आज एक बार फिर उनकी सुरक्षा के मामले में खतरे की स्थिति बन गयी है। बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार के अफसर कितनी भी साजिश कर लें, वे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आवाज उठाना जारी रखेंगे। जरूरत पड़ने पर सड़कों पर भी उतरते रहेंगे पर वे किसी से डरेंगे नहीं। गौरतलब है कि पूर्व में भी बाबूलाल ने अपनी सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया था।

# हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गये हैं बाबूलाल: विनोद पांडेय

**सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहे बाबूलाल मरांडी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाये गये उन आरोपों को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने अपनी जान पर खतरा और सरकार द्वारा गलत मुकदमे में फंसाये जाने की आशंका जतायी है। झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने इन आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा करार दिया है। महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने इन आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें ऐसे छिछले और आधारहीन आरोप लगाने से पहले अपनी गरिमा और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए। यह स्पष्ट है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता और जनहितकारी नीतियों से वे निराश और हताश हैं।



उन्होंने आगे कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह रवैया झारखंड की प्रगति के खिलाफ है। जब राज्य सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है तो वह परेशान हो उठते हैं। वे एंटी करप्शन ब्यूरो को सवाल भेजने लगते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी को संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा प्रश्न भेजना कहां तक उचित है? यह सीधे-सीधे निष्पक्ष जांच में लगे सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाने की चाल है। जब सरकार रांची में रिम्स-2 अस्पताल जैसे जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स को लागू करने के लिए कदम उठाती है, तो मरांडी और उनकी पार्टी भाजपा के नेता इसका विरोध करते हैं। यह नेता प्रतिपक्ष का काम नहीं है। झारखंड की जनता विकास चाहती है, न कि बाधा उत्पन्न करने वाली सियासत।

विनोद कुमार पांडेय ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जनता के हित में पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने जेएसएसपी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कदम उठाये हैं। बाबूलाल मरांडी के आरोप न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा यह आग्रह करता है कि भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाये और राज्य के विकास में सहयोग करे। झारखंड की जनता सियासी नाटक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में प्रगति चाहती है। राज्य सरकार ने सरना धर्मकोड का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा है। उसे मान्यता दिलाने का प्रयास बाबूलाल मरांडी करें। राज्य का 1.40 लाख करोड़ रुपया कोयला रायल्टी का बकाया केंद्र सरकार पर है। उसे दिलाने में वे राज्य सरकार का सहयोग करें। आरक्षण प्रतिशत को बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है। इन विषयों पर उन्हें सकारात्मक कार्य करना चाहिए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। जॉब में परिवर्तन होने की संभावना। |
| वृष | नया परिचय क्षेत्र मिलेगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | स्वजन और कुटुंबीजन से मनमाफिक व्यवहार मिल सकता है, सुख-सौहार्द की वृद्धि। |
| कर्क | अज्ञात भय का निवारण, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देर-सबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| कन्या | पारिवारिक उत्तर दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। |
| वृश्चिक | आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता की परीक्षा कदम-कदम पर होगी। |
| धनु | सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। |
| मकर | नौकरी व व्यापार में परिश्रम से ही सफलता मिलेगी। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा। |
| कुंभ | रोजी-रोजगार की स्थितियों में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण,सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे.व्यापार में लाभ। |

## बाबूलाल मरांडी मुरझाए हुए फूल हैं : राकेश सिन्हा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा सीएम और उनके अधिकारियों पर हमला करने या उन्हें फंसाने की साजिश रचे जाने के आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा, 'बाबूलाल जी, आपको किसी से कोई खतरा नहीं है। बल्कि राज्य की जनता ने देखा है कि जब आप मुख्यमंत्री थे, तब आपने षड्यंत्र और साजिशों के जरिए राज्य को किस प्रकार जलाने का कार्य किया।'

राकेश सिन्हा ने कहा, 'बाबूलाल मरांडी मुरझाए हुए फूल हैं, और मुरझाए हुए फूलों को किसी से खतरा नहीं होता। सस्ती लोकप्रियता के लिए बाबूलाल जी इस तरह के बयान देते रहते हैं।'

# पुलिस के कई आला अधिकारियों ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात







**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात करने वालों में आइजी दुमका शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीआइजी पलामू नौशाद आलम अंसारी, आइजी बोकारो क्रांति कुमार गडिदेशी, एसएसपी धनबाद प्रभात कुमार, एसएसपी जमशेदपुर पीयूष पांडेय, एसपी बोकारो हरविंदर सिंह, एसपी पाकुड़ निधि द्विवेदी और एसपी जामताड़ा राजकुमार मेहता शामिल रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

# हिम्मत है तो बाबूलाल को छू कर दिखाये राज्य सरकार : आदित्य साहू

**बाबूलाल मरांडी को एक खरोंच भी आयी तो झारखंड को जलने से कोई नहीं बचा सकता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बाबूलाल मरांडी पर हमला की साजिश रचे जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हिम्मत है तो बाबूलाल मरांडी को छू कर दिखाये राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है और लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री और उनके चहेते अफसरों द्वारा सरकार मिलकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके परिवार को डराने, धमकाने और उन पर हमले की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा यह राज्य सरकार सत्ता मद में डूब चुकी है। भ्रष्टाचार और अपराध ही इसके हाथ पैर बन गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आग से खेलने की कोशिश कर रहे। यह लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। यह विपक्ष की आवाज को दबाने की घिनौनी कोशिश है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट चेतावनी देते हैं, अगर बाबूलाल मरांडी या उनके परिवार के किसी भी सदस्य को एक खरोंच भी आती है, तो झारखंड की जनता, भाजपा का हर कार्यकर्ता और हम सब मिलकर सड़कों पर उतरेंगे और झारखंड को जलने से कोई नहीं बचा सकता है। ये लड़ाई सिर्फ बाबूलाल मरांडी की नहीं, ये लड़ाई हर उस व्यक्ति की है जो लोकतंत्र और सच के साथ खड़ा है।

## राहुल गांधी ने गैर-जमानती वारंट को हाइकोर्ट में दी चुनौती



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चाइबासा कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को रद्द कराने के लिए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनके अधिवक्ता दीपांकर के अनुसार, यह याचिका 29 मई को दायर की गयी थी। चाइबासा की विशेष अदालत ने राहुल गांधी को 26 जून को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि, इसी मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट (सीआरपीसी 205) को लेकर पहले ही हाइकोर्ट में एक याचिका लंबित है। याचिकाकर्ता पक्ष का कहना है कि उस याचिका पर विचार किये बिना ही निचली अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, जो प्रक्रिया के विरुद्ध है। राहुल गांधी की ओर से दायर ताजा याचिका में इसी आधार पर गैर-जमानती वारंट रद्द करने की मांग की गयी है। अधिवक्ता ने बताया कि हाइकोर्ट में वर्तमान में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है, लेकिन याचिका की जल्द सुनवाई के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ चाइबासा कोर्ट में दो और रांची में एक मामला विचाराधीन है।

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
8th To 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th To 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

# जेइइ एडवांस में द पाठशाला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को जेइइ एडवांस 2025 के परिणाम घोषित हुए। इन परिणामों में द पाठशाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर संस्था की गुणवत्ता और मार्गदर्शन को सिद्ध कर दिया है।

इस वर्ष हमारे निम्नलिखित छात्रों ने उल्लेखनीय रैंक प्राप्त की: प्रनीत आयुष ने ओबीसी श्रेणी में 516वीं रैंक हासिल की। उत्कर्ष को ओबीसी श्रेणी में 3305वीं रैंक प्राप्त हुई। आदित्य आर्यन चौबे ने सामान्य श्रेणी में 3758वीं रैंक प्राप्त की। बीनू ने सामान्य श्रेणी में 7000वीं रैंक प्राप्त की। रूपेश को सामान्य श्रेणी में 14715वीं रैंक मिली। संस्थान के निदेशक शिवशंकर ने जानकारी दी कि अभी भी कई छात्रों के रिजल्ट आने बाकी हैं। हमें उम्मीद है कि इस सूची में और नाम जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस प्रदर्शन को और बेहतर करने के लिए 'द पाठशाला' में अभी से आक्रामक तैयारी शुरू कर दी गयी है। शिक्षकगण पूरे समर्पण के साथ मिशन 2026 की दिशा में कार्यरत हैं। जो छात्र इस सफलता की अगली कड़ी बनना चाहते हैं, वे अभी कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 में प्रवेश लेकर अपनी सफलता की यात्रा शुरू कर सकते हैं।

# हजारीबाग की बेटी साक्षी ने आइआइटी जेइइ एडवांस में प्राप्त की 787वीं रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग की होनहार छात्रा साक्षी सगुण ने पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 787 प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इससे पहले आईआईटी जेईई मेन्स में भी साक्षी ने ऑल इंडिया रैंक 5 और 99.93 परसेंटाइल स्कोर कर टॉप रैंक हासिल की थी।

साक्षी झारखंड की टॉपर लड़कियों में रही हैं और उनका सपना है एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने का। उन्होंने बताया कि उन्होंने कक्षा 10वीं से ही आईआईटी की तैयारी शुरू कर दी थी, और प्रतिदिन नियमित रूप से 8 घंटे पढ़ाई करती थीं। यह उनका अनुशासन, संयम और एकाग्रता ही था, जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

साक्षी की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल, हजारीबाग में हुई, इसके पश्चात उन्होंने नेशनल पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में नामांकन लिया जहाँ से उन्होंने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी की। कनहरी, हजारीबाग की निवासी साक्षी ने कक्षा आठवीं के बाद ही इंजीनियर बनने का सपना देखा था। कक्षा 10वीं में भी उन्होंने 97% अंक प्राप्त कर अपनी मेधाशक्ति का परिचय दिया था। साक्षी की यह सफलता न केवल उनके परिवार, शिक्षकों और कोचिंग संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे हजारीबाग और झारखंड के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। साक्षी का लक्ष्य अब देश के शीर्ष आईआईटी संस्थानों में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश लेना है, और इस दिशा में उन्होंने पहला मजबूत कदम रख दिया है।

## ग्रिजली विद्यालय की छात्रा सृष्टि बर्णवाल का जेइइ एडवांस में शानदार प्रदर्शन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। ग्रिजली विद्यालय की मेधावी छात्रा सृष्टि बर्णवाल ने जेईई एडवांस 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सृष्टि ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में अर्जित की है। उन्हें 7726वां रैंक प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व भी सृष्टि ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देते हुए सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ व मनीष कपसीमे, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्रधानाचार्या अंजना कुमारी, तथा समन्वयकगण विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, अमित दास, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी ने सृष्टि को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोडरमा के छात्रों की जेइइ एडवांस में शानदार सफलता, डीसी ने दी बधाई



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिले के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है, जब तीन सरकारी विद्यालयों के छात्रों - आदित्य प्रकाश (एसएस +2 हाई स्कूल, बसोडीह), राहुल राणा और दीपक मोदी (दोनों आरएमएमएम +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने जेईई-एडवांस 2025 में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा चलाया गया 'संपूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका में रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मुख्यधारा में लाना और उन्हें डिजिटल शिक्षा, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सतत समर्थन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के तहत चौबीसों घंटे शिक्षक सहायता, टेस्ट सीरीज, और व्यक्तिगत फीडबैक जैसी सुविधायें दी गई, जिसके परिणामस्वरूप 10 छात्रों ने जेईई-मेन और 3 छात्रों ने जेईई-एडवांस में सफलता पायी। उपायुक्त ऋतुराज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिखाता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

## भाजयुमो ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, नशा कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राज करण पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त एसपी अंजनी अंजन को आवेदन पत्र सौंपा। इस आवेदन में हजारीबाग शहर की विभिन्न जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। युवा मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले की कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा व्यवस्था सशक्त बनेगी। दिए गए आवेदन में शहर में ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, लूट व स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रमुख स्थानों पर आधुनिक कैमरे लगाने और पुराने कैमरों को दुरुस्त करने, कबाड़ी खानों के नाम पर चोरी के सामान की खरीद-बिक्री हो रही है, जिससे अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के साथ शहर में नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग शामिल है। मौके पर, दीपक मेहता, अमित गुप्ता, अपराजिता तिवारी, राकेश राय, शशांक शेखर, मुकेश सोनी, अशेष सिन्हा, बालकिशुन, आशुतोष, तरुण कैसेरा उपस्थित थे।

## कृषक मित्रों ने हड़ताल पर नहीं जाने का लिया फैसला, यथावत काम पर रहेंगे




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के कृषक मित्रो की बैठक पुराना सदर प्रखंड प्रांगण में दिनेश्वर महतो की अध्यक्षता में की गई। अध्यक्ष दिनेश्वर महतो ने कहा कि जिले भर के कृषक मित्रो को संगठन की मजबूती पर जोर देने की आवश्यकता है। आगामी होने वाले हड़ताल में हजारीबाग जिले के कृषक मित्र शामिल नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा जिस प्रकार काम करते आये हैं, काम करते रहेंगे। यदि प्रदेश समिति के आदेश के आलोक में पुनः बैठक कर निर्णय लिया जायेगा कि हड़ताल में जाना है या नहीं लेकिन फिलहाल हड़ताल पर नहीं जाने का निर्णय लेते हुए जिला कृषि पदाधिकारी और आत्मा निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया है। इस बैठक में टाटीझरिया कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष प्रविल प्रसाद, जागेश्वर महतो, ज्योतिष कुमार मेहता, सुधीर सिंह, कमलकांत पांडेय, राजेंद्र मिंज, प्रयाग प्रसाद मेहता, विनय प्रसाद महतो डेगना राणा, खिरोधर यादव, सहदेव उरांव, चेतलाल यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसपी और डीडीसी ने उच्च न्यायालय के न्यायधीश संजय द्विवेदी का किया स्वागत



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उच्च न्यायालय झारखंड के न्यायधीश संजय कुमार द्विवेदी बिहार दौरे पर जाने के दौरान हजारीबाग परिसदन में कुछ पल के लिए रुके। इस दौरान जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग अंजनी अंजन एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने न्यायधीश को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अपनी यात्रा के अल्पविराम के उपरांत न्यायधीश पुनः प्रस्थान किये।

## हजारीबाग डीसी का बना फर्जी फेसबुक अकाउंट, ठगी की कोशिश




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए बड़े अधिकारी का फेक फेसबुक आईडी बना लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज ठगी की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा ही मामला हजारीबाग में दिखा जहां साइबर ठग ने डीसी का ही फेक फेसबुक आईडी बना लिया है। और लोगों को ठगी की कोशिश कर रहे हैं। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। साइबर ठग ने हजारीबाग के नये डीसी शशि प्रकाश सिंह का फोटो लगा कर डीसी हजारीबाग का फेक अकाउंट बनाया, उसके बाद आम लोगों को वित्तीय नुकसान करने की मंशा से चैटिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। डीसी ने सभी आम आवाम, परिचितों से अपील किया है कि इस प्रकार के फर्जी फेसबुक अकाउंट पर किसी प्रकार की प्रतिक्रिया न दे तथा इस मामले की रिपोर्ट कर ब्लॉक करें।

## बीएसएफ कैंप में फर्जी दस्तावेजों के सहारे योगदान देने आये दो अभ्यर्थी गिरफ्तार

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले स्थित बीएसएफ कैंप मेरु में दो अभ्यर्थियों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जॉइनिंग करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ कैंप मेरु में भर्ती प्रक्रिया के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दस्तावेजों की जांच में दो अभ्यर्थी संदिग्ध पाये गये। जांच में सामने आया कि दोनों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे भर्ती की प्रक्रिया में शामिल होने की कोशिश की थी। इस पूरे मामले में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 88/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों की पहचान पौलूस सोरेन, पिता नरेश सोरेन, निवासी ग्राम चौकी बलिया, थाना सागर दिघी, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल तथा रवि बेसरा, पिता दीप्ति बेसरा, निवासी ग्राम गुदादंगा, थाना नभग्राम, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। बीएसएफ प्रशासन ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी दस्तावेजों की गहन जांच के निर्देश दिए हैं।

## घंघरी के युवक प्रीतम सिंह ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घंघरी पंचायत के ग्राम सिमराटांड़ निवासी पिंकू सिंह के पुत्र प्रीतम सिंह ने हाल ही में आयोजित स्टेट लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। मात्र 10 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर प्रीतम सिंह ने क्षेत्र एवं क्षत्रिय समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है और युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कार्य किया है। क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, उपाध्यक्ष मुरली सिंह, रामप्रसाद सिंह, महेश प्रसाद सिंह, छोटे लाल सिंह, मनोहर सिंह, अमर परमार, नवीन सिंह, सुभाष सिंह, संदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, अभय सिंह, बलराम सिंह, वीर करण सिंह, राजेंद्र सिंह, सहित अन्य लोगों ने प्रीतम सिंह की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# टीएसपीसी ने केरेडारी कोल माइंस में दो वाहनों को किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** झारखंड जनमुक्ति परिषद टीएसपीसी के उग्रवादियों ने रविवार के देर रात हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखण्ड में चल रही एनटीपीसी की के केरेडारी कोल परियोजना में कोयला उत्पादन में लगी बीजीआर कंपनी के दो वाहनों पर आगजनी और गोलीबारी की है। जिसकी चेतावनी उग्रवादियों ने एक सप्ताह पहले 20 मई को ही पोस्टरबाजी कर दे दी थी, जिसके बाद रविवार लगभग 8 बजे रात घटना का अंजाम दिया गया है। घटनास्थल से टीएसपीसी संगठन के सब जोनल कमांडर कौशल का एक पर्चा मिला है। इस पोस्टर में कौशल जी ने एनटीपीसी, सीसीएल, एलएंडटी और डीओ होल्डर कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे बिना संगठन से बात किये काम शुरू न करें, अन्यथा इससे भी बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनियों की होगी। संगठन ने पत्र में यह भी लिखा है कि वे जनता के साथ हैं, साथ ही सरकार को चेतावनी दी कि उग्रवादी के नाम पर जनता और आदिवासियों को मारना बंद कीजिए, इसके अलावा, संगठन ने सरकार और संबंधित कंपनियों को कई अन्य चेतावनियां भी दी हैं। केडी परियोजना में कोल उत्पादन में लगी बीजीआर कंपनी के दो वाहनों पर गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। गौरतलब है कि टीपीसी के उग्रवादियों ने केडी परियोजना में कोयला उत्पादन में लगी बीजीआर कंपनी के दो स्कैनिया वाहनों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और उसमें आग लगा दी थी, जिससे वाहन पूरी तरह जल गये थी। इस गोलीबारी में एक युवक भी घायल हो गया था। यह घटना केरेडारी प्रखंड के पगार ओपी थाना क्षेत्र के पांडू में रविवार देर रात घटी थी। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है, हालांकि सभी अधिकारी अपने काम में आये थे। बता दें कि घटना के बाद लगभग 10 घंटा माइंस बंद रहा, जिसके बाद पुनः चालू किया गया।

# बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य कक्ष में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आज आग लग गयी। आग लगने की घटना से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय मैदान में खेल रहे बच्चों ने कमरे से धुआं उठते देखा और तत्काल इसकी सूचना विद्यालय के प्राचार्य को दी। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा थाना प्रभारी को फोन पर जानकारी दी गयी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी नेमधारी रजक के निर्देश पर दमकल कर्मियों को मौके पर भेजा गया। विद्यालय का मुख्य द्वार तुड़वाकर दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायी। आग लगने से प्राचार्य कक्ष में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गयी है।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है तथा घटना की गहन जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आग लगने के स्पष्ट कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, जिससे यह घटना संदेहास्पद प्रतीत हो रही है। पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गयी है।

## प्रवासी मजदूर सुरेंद्र यादव का पुणे में मौत

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा के एक प्रवासी मजदूर सुरेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव की पुणे में आकस्मिक मौत हो गयी। सुरेंद्र यादव पुणे के बारामती में पोकलेन ऑपरेटर का कार्य करते थे। वो एक महीना के पुर्व घर से रोजी-रोटी के लिए काम करने गया थे। सुरेंद्र की मौत की खबर सुनकर पुरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुला हाल है सुरेंद्र यादव के दो पुत्र है।

## छह वर्षीय अंशराज छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कड़तरी पंचायत निवासी रबी राम कड़तरी के छह वर्षीय पुत्र अंशराज सोमवार की सुबह खेल-खेल में छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय घटी जब वह अपने घर की छत पर खेल रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। परिजन उसे तत्काल बड़कागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश ने प्राथमिक उपचार किया। सिर की गहरी चोट को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## बकरीद पर्व को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति के बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अचला अधिकारी मनोज कुमार व संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व त्यौहार में व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन निगरानी रखेंगे। कोई भी व्यक्ति नकारात्मक चीज वायरल ना करें। सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने नशा से मुक्ति पाने के लिए अभिभावको व जनप्रतिनिधियो को सहयोग करने की अपील की। इसके अलावे सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल ने भी बकरीद पर्व शांति व भाईचारगी पूर्वक मनाने की अपील।

बैठक में दोनों संप्रदाय के साथ-साथ, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की शांति और भाईचारगी पूर्वक 7 जून को बकरीद का पर्व मनाया जायेगा और सोशल मीडिया में नकारात्मक चीजों का वायरल कोई नहीं करेंगे। उसके लिए प्रखंड के सभी पंचायत की मुखिया पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन निगरानी करेंगे। मौके पर अधिकारी जितेंद्र मंडल, प्रमुख फुलवा देवी, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, सावित्री कच्छप, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सासंद पश्चिमी मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सासंद प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पूर्व मुखिया भीखन महतो, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो आदि मौजूद थे।

## हजारीबाग में बकरीद को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बकरीद पर्व को लेकर हजारीबाग के सदर थाना परिसर में सोमवार शाम चार बजे शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराना रहा। बैठक की अध्यक्षता सदर अंचलाधिकारी मयंक भूषण ने की, जबकि संचालन सदर थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने किया। मौके पर सीसीआर डीएसपी, सदर सर्किल इंस्पेक्टर नंदकिशोर साह, बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक समेत बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, व्यापारी वर्ग और विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने अपने संबोधन में सभी से अपील की कि बकरीद पर्व को सरकारी दिशा-निर्देशों और सामाजिक मयार्दाओं का पालन करते हुए मनाया जाए। वहीं, समाजसेवी संजर मलिक ने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और आस्था का त्योहार है, जिसे इस्लामिक कैलेंडर के अंतिम महीने में मनाया जाता है।

## भाईचारा के साथ मनायें त्योहार : बीडीओ

चरही (हजारीबाग)। चरही थाना परिसर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललितराम की अध्यक्षता मे हुई। बीडीओ ने शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात की जायेगी।

## बकरीद को लेकर बरकट्ठा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



बरकट्ठा। बकरीद पर्व को शांति तरीके से मनाने को लेकर बरकट्ठा पुलिस ने बरकट्ठा बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्वक मनाना है, पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। मौके एस आई रतन शर्मा, एसआई देवदत सिंह, एसआई सुभाष राम, चंदा उरांव, उपेंद्र सिंहा समेत पुलिस के सभी जवान शामिल थे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाये बकरीद का त्योहार : एसडीपीओ



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। आगामी बकरीद त्योहार के साथ थाना परिसर में शांति समिति का बैठक एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का पर्व मनाये। सरकार के द्वारा जारी गाईडलाइन का पालन करें। पर्व में ऐसे कार्य नहीं करे कि दुसरे समुदाय के लोगों को ठेस पहुंचे।

## विष्णुगढ़ में कई चापाकल है खराब, ग्रामीण पानी की एक एक बूंद के लिए हो रहे हैं मोहताज



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड के टंडा में स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर परिसर का चापाकल पिछले दस दिन से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पानी की एक एक बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा हैं। इस आग उगलती गर्मी से ऐसे ही लोग बेहाल है और ऐसे में चापाकल खराब होने से ग्रामीणों की दोहरी परेशानी बढ़ गई है। इस चिलचिलाती गर्मी से आसपास के लगभग कुएं भी सूखने के कगार पर है। जिससे ग्रामीणों को पानी की घोर किल्लत आन पड़ी है, पानी के लिए लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लोग नदी और तालाब पर आश्रित हो रहे हैं। मंदिर परिसर के चापाकल से बड़ी घनी आबादी के लोग पानी पीते थे, इसे बनने से ग्रामीणों को पानी से काफी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि इस मंदिर के चापाकल से मंदिर की साफ-सफाई होती है, इसके साथ ही बढ़ई मुहल्ला, ठाकुर मुहल्ला, पासवान टोला, हरिजन मुहल्ला के ग्रामीण लोग पानी पीते हैं। इस चापाकल की ओर पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है और ना ही कोई संज्ञान लिया गया है। इस समस्या से कई बार पंचायत समिति सदस्य द्वारा पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को लिखित एवं फोन के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन बार-बार अनदेखा ही किया जा रहा है। इसके अलावे प्रखंड के बकसपुरा पंचायत अंतर्गत भलुआ के हिरवा मोड़ के पास एक चापाकल कई महीनो से खराब पड़ा है, राहगीरों को पानी पीने में बहुत कठिनाई हो रही है, जिसकी मरम्मत जल्द से जल्द की जानी चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जून, 2025
www.azadsipahi.in
05

## झारखंड की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है मंडा : रोशन लाल चौधरी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड क्षेत्र के तालाटांड स्थित सोमवार देर रात शिव मंदिर परिसर में धूमधाम से मंडा पर्व मनाया गया। इस मौके पर भोक्ताओं ने लोटन सेवा की। इसके बाद भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला झूलकर अपनी अटूट शिव भक्ति का परिचय दिया। मौके पर रात्रि में पारंपरिक छउ नृत्य का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने काफी लुफ्त उठाया। जिसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि झारखंड की संस्कृति और सभ्यता की पहचान से जुड़ा मंडा का पर्व। सदियों से हमारे पूर्वज इस त्यौहार को मनाते आ रहे हैं आने वाला समय में मंडा का पर्व भव्य रूप से मनाया जायेगा। मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मनोज राम, पंचम मुंडा, बलदेव मुंडा, पवन मुंडा, नंदकिशोर करमाली, रघुनाथ महतो, सुरेश करमाली, आनंद गंझू महेश गंझू सहित मंडा पूजा के कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का सीएस ने किया निरीक्षण



मांडू/ रामगढ़ (आजाद सिपाही)। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने डीपीएमयू टीम के साथ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का निरीक्षण किया गया। जिसमे प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला, ओपीडी, वार्ड, एमटीसी, डेंटल प्रभाग, ओटी, एनसीडी स्क्रीनिंग, स्टोर आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता पायी गयी। कर्मियों का अपनी यूनिफॉर्म में नही होना, साफ सफाई का अभाव आदि की कमी पायी गयी। जिस पर सिविल सर्जन के द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ बैठक किया। जिसमे उन्होने सभी को समय पर आने और अनिवार्य रूप से बॉयोमेट्रिक उपस्थिती बनाने का निर्देश दिया। साथ ही बीएएम को सारे कार्यों को समय पर निपटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अन्य दो कर्मियों को कार्य मे कोताही बरतने के कारण स्पष्टीकरण जारी करने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं बीपीएमयू टीम के सभी सदसय मौजूद थे।

## सिमरन ने विज्ञान संकाय से 75 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का नाम किया रोशन



टंडवा (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के द्वारा बीते शनिवार को इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुई। जिसमें ग्राम होन्हे, आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र टंडवा के सीसीएल कर्मी राजेश कुमार यादव की सुपुत्री सिमरन श्रेया ने विज्ञान संकाय से प्रथम श्रेणी में 75 प्रतिशत लाकर अपने गांव और टंडवा प्रखंड का नाम रोशन की है। पिता राजेश यादव ने कहा कि हम सब का आशीर्वाद है कि आप इसी तरह से पढ़ें और अपने गांव के साथ साथ जिला व राज्य का भी नाम रौशन करें।

## खोखा में हाथियों ने मचाया उत्पात



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के खोखा गांव में बीती रात को हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान रमेश महतो के घर को पूरी तरह से गिरा दिया। साथ ही घर में रखे अनाज को खा गये। गांव में हाथियों के आगमन के बाद लोग सुरक्षित स्थानों में चले गये। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात को हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर गया। इसके बाद दर्जनों किसानों के फसलों को बुरी तरह रौंदकर बर्बाद कर दिया। सुबह होते ही हाथी जंगलों की और वापस चले गये। रमेश महतो का घर गिरने के बाद परिजनों के समक्ष घर समस्या उत्पन्न हो गयी है।

## एसडीओ सिमरिया को जिला अवर निबंधक का अतिरिक्त प्रभार मिला



चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कृतिश्री ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को चतरा जिला अवर निबंधक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसी आदेश के आलोक में सन्नी राज ने आज सोमवार को जिला अवर निबंधन कार्यालय में जिला अवर निबंधक का प्रभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि जिला अवर निबंधक के पद पर शंकर मुंडा पदस्थापित है। शंकर मुंडा इलाज के लिए 14 जून तक अवकाश पर है। कार्य हित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त द्वारा उनके काम पर वापस लौटने तक सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को जिला अवर निबंधक को झारखंड कोषागार संहिता-2016 के नियम-87 के तहत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्ति प्रदत की गयी है।

## किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के हुहुआ, गंडके एवं बुढ़ा खोखरा गांव में सोमवार को एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम की उन्नत फसल तकनीकों, विशेष रूप से धान की उच्च गुणवत्ता वाली प्रजातियों एवं उनके वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी देना, साथ ही भारत सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ के प्रधान डॉ सुधांशु शेखर ने किसानों को संबोधित करते हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान के महत्व के बारे में जानकारी। उन्होंने किसानों से पशुपालन को कृषि का अभिन्न हिस्सा मानते हुए, इसमें होने वाले रोगों की पहचान एवं उनके प्रबंधन की जानकारी साझा की।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने यात्री बस में की छापेमारी

# 13 क्विंटल नकली पनीर खोवा और मुरब्बा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की अवैध ढुलाई पर बड़ी कार्रवाई की है। रविवार की रात से शुरू हुई छापेमारी सोमवार कि अगले सुबह तक चली। इस दौरान कई वर्षों से ढोकर ले जाया जा रहे 1300 किलोग्राम नकली पनीर, खोवा और मुरब्बा जब्त किया गया है। इस दौरान तीन यात्री बसों को भारी जुमार्ना भी लगाया गया है। बिहार राज्य से झारखंड में ले जा रहे खाद्य पदार्थ में बड़ी खेप नकली उत्पादों की हो रही है। कई जगह छापेमारी के बाद झारखंड सरकार ने इस पर सख्ती दिखायी। छापेमारी के दौरान 120 किलो नकली पनीर, 750 किलो खोवा और 400 किलोग्राम मुरब्बा जब्त किया गया है।

**पुनदाग टोल प्लाजा पर सभी गाड़ियों की हुई चेकिंग :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुनदाग टोल प्लाजा पर सभी गाड़ियों की चेकिंग हुई। इस दौरान भोजपुर क्लासिक बस, आरजू बस और रेखा लग्जरी बस से भारी मात्रा में यह सामान जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि सभी सामान पटना और उसके आसपास के इलाकों से लोड कर झारखंड लाया जा रहा था। इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने के मामले में तीनों बस मालिकों को 35000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।


### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जो मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15:00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए और 15:30 बजे खोली जाएंगी: **क्र. सं.; निविदा सं.; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि; कार्य पूरा करने की अवधि: [1]; ई-केजीपी-वेस्ट-20-2025;** निमपुरा: डीईएन/वेस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के तहत शौचालय, रसोई, सीवरेज प्रणाली, फर्श, प्लिंथ सुरक्षा, दरवाजे/खिड़कियां सुधार कर एमएस टाइप-I क्वार्टर का नवीनीकरण; ₹ 2,51,85,692.40; ₹ 2,75,900.00; 18 महीने। **[2]; ई-केजीपी-ईस्ट-43-2025;** संतरागाछी: डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के तहत क्वार्टरों और अन्य सेवा भवनों द्वारा उत्पन्न सीवेज के उपचार के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निष्पादन (दूसरी कॉल); ₹ 55,56,164.52; ₹ 1,11,100.00; 06 महीने। **[3]; ई-केजीपी-साउथ-26-2025;** (i) खड़गपुर-भद्रक खंड में 68 सेटों का थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल (टीटीआर) यानी टीएसआर/एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी/डब्ल्यूसीएमएस/टीडब्ल्यूएस), (ii) वेल्डेबल क्रॉसिंग (1 इन 8.5 - 81 नग) प्रदान करके मौजूदा यार्ड को जीरो फिश प्लेट यार्ड में बदलना, (iii) वेल्डेबल क्रॉसिंग (1 इन 12 - 67 नग) प्रदान करके मौजूदा यार्ड को जीरो फिश प्लेट यार्ड में बदलने का कार्य, वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के तहत; ₹ 2,18,95,005.42; ₹ 2,59,500.00; 12 महीने। **[4]; ई-केजीपी-साउथ-27-2025;** लक्ष्मनाथ रोड-जलेश्वर खंड में एडीईएन (दक्षिण)/केजीपी के तहत बुलह पाइलिंग और सब-बैंक प्रदान करके 3826 मीटर तटबंधों को ढलान/अग्र छोर की विफलता के लिए प्रवण होने से मजबूत करना; ₹ 16,18,28,553.42; ₹ 9,59,200.00; 18 महीने। **[5]; ई-केजीपी-साउथ-28-2025;** ट्रांसलैमेटिक रोबोटिक वेल्डर या आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित अन्य उपयुक्त वेल्डिंग तकनीक का उपयोग करके टंग रेल, सीएमएस क्रॉसिंग का इन-सीटू रीकंडीशनिंग, ठेकेदार के श्रम, उपभोग्य सामग्रियों, ईंधन, उपकरण, संयंत्र, मशीनरी सहित सभी लीड, लिफ्ट, ट्रैक क्रॉसिंग आदि के साथ पूरा काम, वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/केजीपी के तहत प्रभारी इंजीनियर के निर्देशों के अनुसार; ₹ 20,90,327.81; ₹ 41,800.00; 12 महीने। **[6]; ई-केजीपी-ईस्ट-44-2025;** डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के तहत प्लेटफॉर्म नंबर -1 पर स्टॉप सिग्नल से परे क्रॉसओवर (प्वाइंट नंबर-107ए/बी) को 75 मीटर स्थानांतरित करके अमता के स्टॉप सिग्नल को स्थानांतरित करना (दूसरी कॉल); ₹ 1,59,86,404.92; ₹ 2,29,900.00; 09 महीने। **निविदा दस्तावेज लागत:** 0.00 (सभी निविदाओं के लिए); **खोलने की तिथि:** 19/06/2025 (क्र.सं. 1 और 2 के लिए); 20/06/2025 (क्र.सं. 3 से 5 के लिए); 26/06/2025 (क्र.सं. 6 के लिए)। **बोली शुरू होने की तिथि: क्र.सं. 1 से 2 के लिए 05/06/2025 से 19/06/2025 को 15:00 बजे** तक; **क्र.सं. 3 से 5 के लिए 06/06/2025 से 20/06/2025 को 15:00 बजे** तक; **क्र.सं. 6 के लिए 12/06/2025 से 26/06/2025 को 15:00 बजे तक।** इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विशिष्टताओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-223)


## रामगढ़ में रंगमंच की शुरुआत एक ऐतिहासिक क्षण : चंद्रप्रकाश

**रामगढ़ में पहली बार रंगमंच का भव्य आयोजन हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। झारखंड कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से रामगढ़ जिले में पहली बार रंगमंच का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक पहल कर्णाधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था, रामगढ़ द्वारा की गयी। जो वर्ष 2010 से लगातार कला और सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। 21 दिवसीय 'रामगढ़ नाट्य महोत्सव' के अंतर्गत रामगढ़ के चुनिंदा बच्चों एवं युवा कलाकारों को रंगमंच की दुनिया में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिला। यह महोत्सव स्थानीय कलाकारों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना।

महोत्सव का समापन समारोह रामगढ़ टाउन हॉल में सम्पन्न हुआ। जिसमें माइम (मूक अभिनय) और प्रसिद्ध नाटक 'कफन' का मंचन हुआ। इस नाटक का मंचन इतना भावुक कर देने वाला था कि पूरे हॉल में हर एक दशक की आंखें नम थी।दर्शकों ने कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंजा दिया।

**कार्यक्रम का शुभारंभ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया :** कार्यक्रम का शुभारंभ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, लघु उद्योग भारती झारखण्ड प्रदेश महामन्त्री विजय मेवाड़, डॉ संजय प्रसाद सिंह, विजय जायसवाल, युवा समाज सेवी पीयूष चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि रामगढ़ की धरती पर रंगमंच की यह शुरूआत एक ऐतिहासिक क्षण है। इस तरह के कार्यक्रम न सिर्फ युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना का भी संचार करते हैं। मैं कणार्धार संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता और टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

इस रंगमंच महोत्सव ने न सिर्फ रामगढ़ के सांस्कृतिक जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार किया, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का मार्ग भी दिखाया।

**कार्यशाला का उद्देश्या बच्चों में कला और संस्कृति के प्रति रुचि को प्रोत्साहन देना है :** संस्था के निदेशक विक्रांत गुप्ता ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्या बच्चों में कला और संस्कृति के प्रति रुचि को प्रोत्साहन देना है। मुख्य निर्देशक के रूप में हजारीबाग के वरिष्ठ रंगकर्मी रवि गुप्ता, सह निर्देशक-दीक्षा रघुनंदन साह, दीपक झा ने किया उदघोषक की भूमिका दीक्षा रघुनन्दन साह ने किया। कार्यक्रम को सफल करने में कलाकारों का विशेष योगदान रहा। मौके पर संजय बनारसी, अमित कुमार,मनोज विश्वदीप, सूरज कुमार, अनिल महतो, सुमित सोनी, अविका कुमारी, नंदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, वैभव कुमार, शिक्षिका कुमारी आदि उपस्थित थे।

## अवैध तरीके से सार्वजनिक जमीन कब्जा करने का आरोप, सीओ को सौंपा ज्ञापन

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डहु पंचायत के बानपुर टोला मनापतरा के ग्रामीणो ने अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणो ने कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा सार्वजनिक स्थलों की गलत तरीके से जमीन बंदोबस्त करा लिया है। ग्रामीणो का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने सार्वजनिक तालाब, चबूतरा एव सर्वे रोड सहित शमशान घाट की जमीन को बंदोबस्त करा लिया है और शमशान घाट पर ग्रामीण जब शव दफनाने गए तो दलित लोगो के साथ जातिसूचक एव अभद्र भाषा का प्रयोग करता है जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश व्याप्त है और अंचलाधिकारी से उक्त जमीन की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## बाजारटांड़ में युवती ने लगायी फांसी

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर के बाजारटांड़ मुहल्ला निवासी एक युवती ने रविवार की शाम फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका राजू प्रसाद की 21 वर्षीय पुत्री मानु कुमारी है।. जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर युवती ने गुस्से में आकर फांसी के फंदे में लटक गई। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतार कर आनन फानन में सदर अस्पताल लाया, जहां डॉ आशीष कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस ने देशी शराब को किया नष्ट चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद

चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बिहार से सटे सीमावर्ती इलाका में अभियान चलाया गया। इस दौरान जबड़ा गांव में करीब 15 अवैध महुआ शराब भट्टी को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। इस अभियान में 1500 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया गया है। इस दौरान पुलिस ने अवैध महुआ शराब भट्टी के मालिक सूर्यदेव यादव एवं ननकू यादव को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने करीब 125 लीटर अवैध महुआ देशी शराब तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक मोबाइल जब्त किया है। अभियान में थाना प्रभारी के अलावा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

# एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




टंडवा। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट एनकेएसटीपीपी ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर कई प्रभावी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरूआत प्रशासनिक भवन में आयोजित स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसका नेतृत्व परियोजना प्रमुख एसके सुवार ने किया। महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ली। परियोजना ने सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के तहत टंडवा स्थित चुन्दुरू धाम मंदिर परिसर में श्रमदान अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर एनटीपीसी के कर्मचारियों, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई में योगदान देकर सामुदायिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति भावी पीढ़ी में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वसुंधरा लेडीज क्लब की अध्यक्षा दीपाली आचार्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, सफाईकर्मियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित कर स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं सफाई की अच्छी प्रथाओं के महत्व पर चर्चा की गयी, जिसमें डॉक्टर कौशलेंद्र कुमार और डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता निभायी।

### भौरुडीह के युवक को गोली लगने के मामले का खुलासा

# कट्टा अनलॉक करने में चली थी गोली

**बबलू का था कट्टा, हेमंत उसे खोल-लगा रहा था, इसी दौरान चली गोली नितीश को लगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। बीते 30 मई को शहर के दीभा मुहल्ला में कुंदा थाना क्षेत्र के भौरुडीह गांव निवासी नीतीश कुमार नामक युवक को गोली लगने के मामले का खुलासा चतरा पुलिस ने कर दिया है। एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि नीतीश कुमार पर किसी ने गोली नहीं चलायी थी। बल्कि नीतीश का एक दोस्त बबलू उसके कमरे में एक देशी कट्टा और कारतूस लेकर आया था। जिसे उसका रूम पार्टनर लावालौंग थाना क्षेत्र के पोटम गांव निवासी हेमंत कुमार यादव कट्टा को खोल लगा रहा था। इसी दौरान कट्टे से गोली चल गयी। यह गोली नीतीश कुमार के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर नीतीश कुमार, बबलू कुमार व हेमंत कुमार के विरुद्ध सदर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर घटना में शामिल दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि बबलू अभी भी फरार चल रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि घटना के बाद घायल नीतीश कुमार ने पुलिस को चकमा देने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये। उन्होंने मामला को डाइवर्ट करने के लिए पुलिस को यह बताया कि तीन-चार युवक मुंह में कपड़ा बांधकर उसके रूम पर पहुंचे थे और जब वह चापानल पर पानी भर रहा था तभी उस पर गोली चला कर फरार हो गये। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि नीतीश पर गोलीबारी की घटना नहीं हुई थी, बल्कि हेमंत कुमार द्वारा लाये गयं अवैध देशी कट्टा से गोली चलने के कारण नीतीश घायल हुआ था। मामला दर्ज कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए रांची से एफएसएल की टीम भी बुलायी गयी थी। टीम में शामिल अधिकारियों ने जांच किया।

# ओरला में निकाली गयी भव्य सरना धर्म यात्रा

**किसी भी हालात में धर्म परिवर्तन न करें सरना समाज : किरण मुंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता




कुजू। सरना धर्म यात्रा का उद्देश्य है कि गांव घर के आदिवासी समाज को संविधान में मिले अधिकारो से अवगत कराना है। साथ ही, आदिवासी मूलवासी को शिक्षा के प्रति जागरूकता व नशामुक्ति अभियान चलाकर जागरुक करना शामिल है। उक्त बातें भव्य सरना धर्म यात्रा का नेतृत्व कर रही जय सरना ट्रस्ट की केंद्रीय सचिव अधिवक्ता किरण मुंडा ने ओरला से तोपा जाने के क्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। किरण मुंडा ने कहा कि आदिवासी मूलवासी समाज को जागरूक करने के लिए कटकमसांडी पत्थलकुदवा सरना स्थल से निकाली गई भव्य सरना धर्म यात्रा आज ओरला पहुंची हैं। कहा कि आदिवासी समाज के धर्म, संस्कृति, परम्परा, जल, जंगल जमीन को बचाए रखने की जरूरत है। सरना आदिवासी समाज के लोगों को किसी भी हालात में अपने धर्म को परिवर्तन न करने की अपील की है। आज झारखंड में जो स्थिति उत्पन्न है, वह किसी से छुपा नहीं है। आदिवासी समाज आज अपने ही हक अधिकार से बेघर होने को मजबूर हो रहे है। चाहे धर्म कि बात हो या सरना कोड, जल, जंगल, जमीन कि बात हो। झारखंड में गरीब आदिवासी समाज के साथ अत्याचार जारी है। हमें अपने आपको शिक्षित होकर समाज के लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। इससे पूर्व ओरला में सरना धर्म रथ यात्रा के पहुंचने पर पाहन हरिहर मुंडा और जितेंद्र मुंडा ने सामाजिक रीति रिवाज से लोगों का चरण धोकर स्वागत किया। धर्म यात्रा का क्षेत्र में भ्रमण कराते हुए अखरा से नाचते-गाते विदा किया गया। यात्रा में जिला पार्षद प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि उमेश करमाली, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कैलाश करमाली, रानी देवी, ममता देवी, सुलेखा देवी, विशाल मुंडा, दिनेश बेदिया, हीरामनी उरांव, अनिता देवी, किरण उरांव, गीता देवी, सोनी देवी, कृति मुंडा, निशा उरांव, कुमारी लक्ष्मी मुंडा, पुजा कुमारी समेत सरना समाज के लोग शामिल रहे।


### शपथ पत्र

शपथ पत्र दिनांक 07.01.2025 क्र.सं. 314 के अनुसार, मैं बसन्ती कुमारी पति उमेश कुमार रवि उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम-बैतरी पो०-अमरोरा थाना - खरौंधी जिला - गढ़वा राज्य-झारखण्ड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरा पुत्र सत्यम कुमार है।
2. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण में नाम सत्यम कुमार है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम बबी कुमार अंकित हो गया है जो गलत एवं असत्य है। 4. यह कि उक्त शपथ-पत्र का निष्पादन मैं अपने पुत्र सत्यम कुमार का आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कराने हेतू कर रही हूँ।

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक ब्यान करती हूँ कि उपरोक्त लिखि गई सारी बातें मेरी जानकारी में सही व सत्य है

### शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्याः-1120, दिनांकः-16/05/2025 मैं रानी देवी पति-अनिल राम, ग्राम- बनाही, पोस्ट - चौकड़ी, थाना- हैदरनगर,जिला- पलामू ,राज्य- झारखंड, ऐतत द्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करती हूं।

1. आधार संख्या- 448616716486 में मेरी पुत्री का नाम भूलवश नगीता कुमारी अंकित हो गया है।जबकि उसका सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में सही नाम निकिता कुमारी है।
2.यह कि उक्त आधार कार्ड में मेरी पुत्री का जन्मतिथि 01/01/2009 दर्ज है,जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक जन्मतिथि 11/04/2008 है , जो सही है।
3. अतः की मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या-448616716486 में वास्तविक नाम निकिता कुमारी व जन्मतिथि 11/04/2008 करने हेतु आवश्यक संशोधन।
4. यह कि मेरी पुत्री भविष्य में उपरोक्त सही नाम व जन्मतिथि से अपना कोई भी कागजी प्रक्रिया को निष्पादित करेगी।
5. मेरी उपरोक्त कथन सत्य एवम सही है।
6. इसलिए यह शपथ पत्र मेरी बेटी के आधार कार्ड में नाम एवं जन्म तिथि सुधार के लिए है।

# बेकार का डर

भारत और पाकिस्तान के बीच का हालिया टकराव किसी भी वक्त ऐसे मोड़ पर नहीं पहुंचा, जब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत आयी हो - चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का यह बयान आशंकाओं को दूर करने के साथ ही एटमी ताकत के रूप में नयी दिल्ली की परिपक्वता और जिम्मेदारी के भाव को भी दिखाता है। सीडीएस ने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं ने तार्किक रुख अपनाया यानी उन्होंने पाकिस्तान को भी उसके हिस्से का श्रेय दिया, जो उनका बड़प्पन है।

**पश्चिम की चिंता :** भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी तनाव बढ़ता है, तो पश्चिम की तरफ से सबसे पहली चिंता यही जतायी जाती है कि अगर टकराव हुआ तो वह परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। कारगिल से लेकर बालाकोट तक, अतीत में कई बार ऐसा हो चुका है। यहां तक कि कारगिल को लेकर कहानियां तक फैल चुकी हैं कि परमाणु युद्ध आसन्न था, पर अमेरिकी दखल से टल गया। इस बार भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप एटमी वॉर रुकवाने के लिए खुद से अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। विडंबना है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का इकलौता कलंक अमेरिका के ही माथे है।

**भारत की परमाणु नीति :** पश्चिम का यह अंदेशा दरअसल भारत की क्षमताओं को कम करके आंकना है। परमाणु हथियार किसी भी युद्ध का अंतिम विकल्प हैं और उस सीमा पर पहुंचने से पहले कई सारे पड़ाव आते हैं। भारत ने वैसे भी 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं।

**पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से से उबल रहा था, लेकिन तब भी भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में संयम बरता और केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।**

**तार्किक जवाब :** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने इंटरव्यू में कहा कि सेना के लोग सबसे ज्यादा तर्कसंगत होते हैं, क्योंकि उन्हें परिणाम का पता है। इसका प्रत्यक्ष अनुभव ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुआ था। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से से उबल रहा था, लेकिन तब भी भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में संयम बरता और केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे वाली कार्रवाइयों के बावजूद भारत के हम सटीक और नियंत्रित रहे।

**अतीत से सबक :** परमाणु हमले की विभीषिका दुनिया देख चुकी है। एक ही झटके में लाखों जिंदगियां तबाह हो गयी थीं और आने वाली कई नस्लें दशकों तक वह दंश झेलती रहीं। हिरोशिमा और नागासाकी के साथ जो हुआ था, वह मानव समुदाय के लिए सबक है कि कोई भी युद्ध उस बिंदु तक नहीं पहुंचना चाहिए, जहां ऐसी नौबत आये।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अच्छा थानेदार क्यों और कैसे बनें? प्रश्न यह है कि जिन पर यह जिम्मेदारी आ पड़ी है, अर्थात थानेदार, वह बिना लाठी तोड़े इस सांप को कैसे मारे? सुरक्षा की मांग इतनी तीव्र है कि इसकी आपूर्ति में थोड़ी भी बाधा हो तो लोग सड़कों पर उतर आते हैं। अखबार सनसनी फैलाने के लिए कलम तोड़ देते हैं। न्यायालय स्वतः संज्ञान ले लेता है। इस उथल-पुथल में सबसे पहले थानेदार की नैया डूबती है।**

# नये नवाब बनने का ख्वाब फौरन छोड़ दें

**ओपी सिंह**



**भ्रष्टाचार, पुलिस बर्बरता और विधि व्यवस्था ध्वस्त होने की कहानियां अक्सर इन्हीं की फैलाई होती हैं। पुलिस विफलता के खिलाफ भीड़ को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाने वाले यही होते हैं। इनकी दुर्गति में आपकी सद्गति है। उलटा भी उतना ही सच है। करने को तो हजार चीजें हैं। लेकिन अगर ऊपर से ही शुरू करें, तो आपकी जड़ें मजबूत होंगी।**

दशकों पहले की बात है। एक सज्जन और बेहद ताकतवर सत्ता शीर्ष के अत्यंत करीब अधिकारी अच्छे प्रशासन के बारे में बेबाकी से अपनी राय रख रहे थे। जब पुलिस पर बात आयी तो कहने लगे कि लोगों में निजाम का खौफ होना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान एक आइआइटी से पढ़े, अति-उत्साही पुलिस अधिकारी से मिलना हुआ। 6 साल से लोगों को न्याय दे रहे थे। उन्होंने भी जूत थ्योरी पर विस्तार से बताया कि कैसे जूते का कील कांटे से बचने-बचाने से भी इतर एक असरदार इस्तेमाल है। पिटाई का वह ड्यूल-यूज हथियार जो शरीर से आगे आत्मा तक चोट करता है। लाठी-डंडे, थप्पड़-मुक्के में वह पैनापन कहां? बेशक वे ये बातें उन लोगों के संदर्भ में कह रहे थे, जिन्होंने ठगी और बदमाशी को पेशा बना रखा है। जो प्रजातंत्र की उदारता कि हजार दोषी छूट जाये, एक निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए, का जम कर दोहन करते हैं। उन पर भावातिरेक में जूते-चप्पल, लात-घूंसे चल भी जायें तो आम स्वीकृति है कि इसे मानवाधिकार का हनन न माना जाये।

**अपराध तरक्की का जरिया नहीं है, यह बतायें। अगर थोड़े भी बदल गये तो आपका बोझ कम होगा।**

अच्छा थानेदार क्यों और कैसे बनें? प्रश्न यह है कि जिन पर यह जिम्मेदारी आ पड़ी है, अर्थात थानेदार, वह बिना लाठी तोड़े इस सांप को कैसे मारे? सुरक्षा की मांग इतनी तीव्र है कि इसकी आपूर्ति में थोड़ी भी बाधा हो तो लोग सड़कों पर उतर आते हैं। अखबार सनसनी फैलाने के लिए कलम तोड़ देते हैं। न्यायालय स्वतः संज्ञान ले लेता है। इस उथल-पुथल में सबसे पहले थानेदार की नैया डूबती है। क्राइसिस मैनेजमेंट का यह अनूठा उदाहरण है कि अगर तेज आंधी-तूफान आ जाये, तो पहले घर का छप्पर खुद ही उड़ा दो। शायद इसीलिए यह चक्र चलता रहता है। सनसनीखेज वारदात, जन-आक्रोश प्रदर्शित करती भीड़, थानेदार मुअत्तल्ली द्वारा सर्वमान्य, सुलभ क्राइसिस मैनेजमेंट, कुछ महीने का सतही ठहराव और फिर वही क्रम।

सब अपनी-अपनी जगह व्यवस्थित हैं। ऐसे में थानेदार की सहज जिज्ञासा होती है कि क्या वह अपना भाग्य बदल सकता है? मेरा कहना है कि आप कोशिश तो करो। पहले अपने काम के स्वरूप को समझें। हजारों साल के राजा, सुल्तान नवाब और तानाशाह जब नहीं चल पाये, तो प्रजातंत्र आया। इस व्यवस्था में लोग तय करते हैं कि कौन क्या करेगा। सो नये नवाब बनने का ख्वाब और प्रयास दोनों फौरन छोड़ दें। सिनेमा बनाने वाले अपने काम के लिए काला बाजार से पैसा उठाते हैं। ठग-बदमाशों को चमकदार दिखाना, उनकी पेशेवर मजबूरी है, जो कालांतर में लोगों की पसंद बन गया है।

एक इलाका आपके पास है, जहां अधिकांश लोग फसाद नहीं चाहते। आपसे अपेक्षा करते हैं कि आते-जाते मिलना हो जाये तो आप उनसे अच्छा बर्ताव करेंगे, मुसीबत में उनकी सहायता करेंगे, ठग-बदमाशों का जीना मुहाल कर देंगे और ये सब ऐसे करेंगे कि वे निर्विघ्न सो पायें, निर्बाध अपने रास्ते चल पायें। इसके लिए बुद्धि और विवेक चाहिए। एक तो यह मान लें कि आपके पास कोई जादुई छड़ी नहीं है और न ही कहीं से यह आपको मिलने वाली है। फिर पब्लिक कोई बड़ा पत्थर नहीं है। यह एक जंगल की तरह है, जहां तरह-तरह के जीव बसते हैं। 100 से 90 जो अमन पसंद हैं उनको अपनी तरफ रखने का जुगाड़ लगायें। ठग-बदमाश अक्सर इनको आपके पीछे लगा देते हैं। आप समय रहते इनको ठग-बदमाशों के खिलाफ कर दें। अगर आप मिलने वालों से सहृदयता से पेश आयें, जो हो सके वह खुशी-खुशी करें तो ये आश्वस्त हो जायेंगे कि आप उनकी तरफ हैं। बहुत संभव है कि मान लेंगे कि उनको भी आपकी तरफ होना चाहिए। दो-चार गरीबी के मारों को जो करना पड़ता है, वह कर लेते हैं। दो-चार सिनेमा-उपन्यास के भटकाए हैं कि इधर बड़ा रोमांच है, फटाफट तरक्की है। इनको जेल भेजना इनको बदमाशी के प्रशिक्षण केंद्र भेजने जैसा है। इनको कोई न कोई उस्ताद मिल ही जायेगा।

पक्के होकर निकलेंगे। सरकार लाखों-करोड़ की योजनाएं चलाती है कि कोई भूख-बीमारी से न मरे। उन्हें उधर का रास्ता दिखायें। अपराध तरक्की का जरिया नहीं है, यह बतायें। अगर थोड़े भी बदल गये तो आपका बोझ कम होगा। और अंत में, सारे फसाद की जड़ सौ में एक-दो हैं, जिनके लिए अपराध एक पेशा है। ये इसे संगठित और व्यवस्थित तरीके से चलाते हैं। तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, तंत्र खड़ा करते हैं। प्रभावशाली लोगों से गठजोड़ रखते हैं। उनका काम करते हैं। उनसे काम लेते हैं। अपराध की रिपोर्टिंग टॉम एंड जेरी कार्टून शो की तरह है, जहां लोगों को लोमहर्षक तरीके से पढ़ाया-दिखाया-भड़काया जाता है कि कैसे मुट्ठी भर अपराधी पुलिस को छकाये रख रहे हैं। ऐसे अपराधियों की कोशिश रहती है कि जो थानेदार उनके हिसाब से नहीं चल रहा हो, टिक ही न पाये। भ्रष्टाचार, पुलिस बर्बरता और विधि व्यवस्था ध्वस्त होने की कहानियां अक्सर इन्हीं की फैलाई होती हैं। पुलिस विफलता के खिलाफ भीड़ को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाने वाले यही होते हैं। इनकी दुर्गति में आपकी सद्गति है। उलटा भी उतना ही सच है। करने को तो हजार चीजें हैं। लेकिन अगर ऊपर से ही शुरू करें, तो आपकी जड़ें मजबूत होंगी। भले लोगों को लगेगा कि देश सचमुच आजाद है, सरकार उनकी हितैषी है और हम अगले 22 साल में विकसित देश बन कर जी-8 को जी-9 कर देंगे। इस महाभियान में आपके योगदान का समय शुरू होता है।

**(लेखक : डीजीपी हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## बाबूलाल मरांडी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं कार्यकता: सुधांशु ओझा



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ हेमंत सरकार द्वारा रची जा रही कथित साजिश को लेकर भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को जमशेदपुर महानगर भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इसे लोकतंत्र पर हमला और राजनीतिक प्रतिशोध की घिनौनी साजिश करार दिया।श्री ओझा ने कहा बाबूलाल मरांडी ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध खनन, परीक्षा घोटालों और जनविकास योजनाओं में लूट को उजागर कर हेमंत सरकार की पोल खोली है। जिससे बौखलाई सरकार अब उन्हें और उनके परिवार को टार्गेट कर रही है। सुधांशु ओझा ने चेतावनी दी यदि बाबूलाल मरांडी या उनके समर्थकों को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने की कोशिश की गयी तो भाजपा का हर कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर इसका करारा जवाब देगा। उन्होंने कहा मरांडी के साथ हर भाजपा कार्यकर्ता चट्टान की तरह खड़ा है, उनकी लड़ाई हमारी लड़ाई है। भाजपा ने साफ किया हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैये के खिलाफ संघर्ष तेज किया जायेगा।

## दयालुता की मिसाल बनी माया, कैंसर मरीजों के लिए बाल दान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत की



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेदपुर के लॉयला स्कूल की 10 वर्षीय छात्रा माया ने कैंसर मरीजों के लिए अपने बाल दान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत की। अप्रैल 2025 में माया द्वारा लिया गया यह निस्वार्थ निर्णय न सिर्फ उसकी दयालुता को दशार्ता बल्कि यह बच्चों को देने और बांटने की महत्ता भी सिखाता है। आज के समय में भौतिक उपलब्धियां प्राथमिकता बन गयी है। माया की कहानी सहानुभूति, दया और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बच्चों में विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। माया की पहल से यह स्पष्ट होता है छोटी उम्र में भी बड़े बदलाव की शुरूआत की जा सकती है।

## जेइइ एडवांस में नारायाणा जमशेदपुर के 38 छात्रों का चयन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर ने जेईइ (एडवांस्ड) 2025 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 छात्रों के चयन की घोषणा की। संस्थान के छात्र अभिनव क्षितिज ने ऑल इंडिया रैंक 791 प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। नारायणा के नेशनल एकेडमिक हेड श्याम भूषण ने बताया जमशेदपुर सेंटर के रिजल्ट अब तक के अनुसार उत्साहजनक हैं। सफल छात्रों की सूची जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया ऑल इंडिया लेवल पर नारायणा के 5 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनायी। नारायणा की इस सफलता का श्रेय अनुशासित शैक्षणिक माहौल, बेहतरीन शिक्षक, समर्पित कोर्स मैटेरियल और अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित साप्ताहिक टेस्ट को दिया गया। ज्ञात हो कि नारायणा समूह देशभर में 750 से अधिक शिक्षण संस्थानों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सिविल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में छात्रों को सफल भविष्य की राह दिख रहा है।

### पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एमओयू

# तीन प्रखंडों में शिक्षा स्तर सुधारने की दिशा में साझेदारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।सोमवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन के माध्यम से जिले के मुसाबनी, डुमरिया और गुरबांदा प्रखंडों में गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा को सुनिश्चित की जायेगी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी आशीष पांडेय और टीएसएफ की ओर से दिव्यहस रे शामिल रहे। साझेदारी के तहत एजुकेशन सिग्नेचर प्रोग्राम को लागू कर इन क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य फोकस शून्य ड्रॉपआउट शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार और विद्यालय प्रबंधन समितियों को सशक्त बनाना है। एमओयू 31 मार्च 2028 तक प्रभावी रहेगा। इसके अंतर्गत 37 पंचायतों के 224 गांवों के 295 स्कूलों और 268 आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा तक सभी बच्चों की पहुंच सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। यह साझेदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ठोस कदम है। पूर्वी सिंहभूम में एक सशक्त और समतामूलक शिक्षा प्रणाली की दिशा में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

# डीसी ने कुलामारा गांव के सबर टोला का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुसाबनी।** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मुसाबनी प्रखंड के कुलामारा गांव स्थित खारिया टोला और जोबला का दौरा किया। सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान आदिम जनजाति बहुल व विशेष रूप से सबर जनजाति निवास स्थान का निरीक्षण कर सबर परिवारों से सीधे संवाद किया। उनकी समस्याओं, जरूरतों व सरकारी योजनाओं से आच्छादन की स्थिति की जानकारी ली। डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पेयजल व्यवस्था, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी गहन समीक्षा की। मौके पर खारिया टोला में मौजूद सबर समुदाय के बच्चों को विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने, जन्म व जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मंइयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं से उन्हें जोड़ने का निर्देश दिये। पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए मरम्मत कार्य शुरू करने और नये चापाकल की स्थापना के लिए निर्देश दिये। डीसी ने कहा हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

वही डीसी ने जोबला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी तिथि और ओपीडी रजिस्टर की जांच की। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार वितरण की व्यवस्था को भी परखा। हर लाभुक को समय पर पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। डीसी श्री सत्यार्थी ने कहा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सबर जैसी आदिम जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा लक्ष्य है। मुसाबनी में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर बीडीओ सुश्री अदिति गुप्ता, सीओ ऋषिकेश मरांडी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र के बेंद गांव के श्यामसुंदरपुर में भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल हुए। विधायक ने श्रद्धाभाव से राधा-माधव के चरणों में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख,शांति और खुशहाली की कामना की। मौके पर गांव का माहौल भक्तिमय रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आये। विधायक मोहंती ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन सामाजिक और आध्यात्मिक एकता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी सद्भाव बनाये रखने और क्षेत्र के समग्र विकास में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, मिथुन कर, अमीर पोलाई, अजय पाल, जहरलाल मोहंती, प्रकाश मोहंती, पप्पू मोहंती, बिस्वजीत नंदी, मलय मोहंती, रूपा दास, वैद्यनाथ महाली, लोकनाथ मोहंती, सोमेन साव, रंजीत कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फाइनल सेटलमेंट की मांग को लेकर श्रम अधीक्षक से की शिकायत



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जोजोबेरा नुवको विस्तास सीमेंट कंपनी में कार्यरत तीन पूर्व सिक्योरिटी गार्ड को फाइनल सेटलमेंट राशि नही मिलने पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत से गुहार लगायी। सोमवार को मजदूरों की मांग को लेकर संघ के एक प्रतिनिधि मंडल श्रम अधीक्षक कार्यालय में एक आवेदन सौंपा। श्रमिकों का आरोप है कंपनी प्रबंधन वर्षों की सेवा के बावजूद अंतिम भुगतान नहीं किया। इस अवसर पर राजेश सामंत ने कहा तीनो सिक्योरिटी गार्ड बीते 5-6 वर्षों तक नुवको सीमेंट कंपनी में ड्यूटी किया। केवल एजेंसी बदली गयी लेकिन कार्यस्थल व कार्य समान रहा। इसके बावजूद कंपनी एजेंसी बदलने का हवाला देकर फाइनल सेटलमेंट देने से इनकार कर रही है।जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। राजेश सामंत ने कहा श्रम कानूनों के तहत यदि कोई कर्मचारी किसी भी कंपनी में 5 वर्षों या उससे अधिक समय तक लगातार सेवा करता है, तो उसे सभी देय लाभों सहित फाइनल सेटलमेंट राशि दी जानी चाहिए। पूर्व में सुदीप्तो दास द्वारा की गई शिकायत पर श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने फोन पर उचित न्याय का आश्वासन दिया था। वर्तमान आवेदन श्रम अधीक्षक की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय के पदाधिकारी को सौंपा गया।मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार, पूर्णिमा पाल, शिकायतकर्ता शंकर दास, तारकनाथ डे और सुदीप्तो दास शामिल रहे।

## डीजे साउंड लोडेड पिकअप वाहन पलटने से नर्तकी समेत दो जख्मी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर कांडी मुख्य पथ पर सोमवार को अहले सुबह सीआईएसएफ बैरेक के समीप एक बारात में शामिल डीजे साउंड लोड पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में पिकअप सवार दो युवक गंभीर से घायल हो गये। जिनमें पिकअप चालक अशोक बैठा और एक नर्तकी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन पर भारी मात्रा में डीजे साउंड सिस्टम लोड था और उक्त पिकअप श्री बंशीधर भगत के कटहर कला से भवनाथपुर केलान की ओर जा रही थी। एएसआई उपेंद्र कुमार के मौके पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन पिकअप को जब्त कर लिया है।

## कृषक मित्र अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकाल हड़ताल पर



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कृषक मित्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकाल हड़ताल पर चले गये हैं। इस संबंध में कृषक मित्रों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रभारी प्रधान सहायक हिमांशु पंडित ने ज्ञापन लिया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रखंड के सभी कृषक मित्र प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के निर्देश पर बकाया प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं किए जाने तथा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य है। जब तक बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होता और मांगे पूरी नहीं होती है। तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी कृषक मित्र के हड़ताल पर चले जाने से कई प्रकार के कृषि कार्य एवं योजनाएं प्रभावित होगी। मौके पर कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, आलोईस कुजूर, राजेश बाखला, देवनिस खलखो, आनंदीप गिद्ध, आनंद लकड़ा, विकास मुंडा, सत्यानंद बाखला आदि उपस्थित थे।

## चार जून की शाम सहिजना छठ घाट पर होगी गंगा आरती



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गायत्री परिवार, पर्यावरण परिवार, आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट और सहिजना छठ सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर शहर के सहिजना दानरो नदी छठ घाट पर 4 जून की शाम भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है। इसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक रूप से गंगा आरती किया जायेगा। साथ ही इस अवसर पर दानरो नदी के जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए पर्यावरण परिवार के नितिन तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार की शाम पांच बजे से होगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के लिये विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर आयोजित गंगा आरती का यह आयोजन ऐतिहासिक साबित होगा। बैठक में गायत्री परिवार के विनोद पाठक, आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के डॉ पातंजलि केसरी, पर्यावरण परिवार के नितिन तिवारी, गौतम ऋषि, अमित शुक्ला, सहिजना छठ घाट समिति के जीतेंद्र सिन्हा ऊर्फ पप्पूजी आदि उपस्थित थे।

## महिला से सरकारी चपाकल गड़वाने के नाम पर 15 हजार रुपये लेकर ठग फरार



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह टोला निवासी गीता देवी पति गिरिजा पासवान से एक ठग ने सरकारी चपाकल गड़वाने के नाम भवनाथपुर वन विभाग कार्यालय के चेकनाका के समीप से नगद 15 हजार रुपये लेकर चंपत हो गया। ठगी की शिकार हुई महिला गीता देवी ने बताया कि एक अंजान व्यक्ति सुबह 11 बजे मेरे घर आया और कहा कि आपके नाम से 2 लाख रुपए की सोलर पंप और चपाकल आया है। और आज ही चपाकल का बोर हो जायेगा। इसके बाद उसने हमलोगों को भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय पास बुलाया और मेरे पति को फार्म में साटने के लिए रिव्यूनी टिकट लाने श्रीबंशीधर नगर स्थित कोर्ट में आलोक पासवान नामक व्यक्ति के पास भेजा, जब मेरे पति द्वारा आलोक के बारे पूछताछ की तो उक्त नाम से कोई भी व्यक्ति नहीं मिला तो दूसरे दुकान से रिव्यूनी टिकट खरीद कर वापस आने से पहले ही वह अज्ञात व्यक्ति मुझे चेकनाका स्थित ग्राहक सेवा केंद्र ले जाकर खाते से 15000 रुपये निकासी करवाया और अधिकारी को घुस देने के नाम पर मेरे मुझसे 15000 हजार लेकर फरार हो गया। जब काफी देर तक वह नहीं आया तो मुझे अपने आप को ठगी का एहसास हुआ, उसके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने पर उसका फोन स्विच ऑफ बता रहा है।

## श्री बंशीधर नगर से अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत की वृद्धि और समान कार्य-समान वेतन की हुंकार



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष समिति की गढ़वा जिला इकाई की बैठक गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर स्थित टीडीएम इंटर कॉलेज में की गयी। बैठक में वर्तमान अनुदान राशि में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी और वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर समान कार्य के लिए समान वेतनमान की मांग के प्रति जोर दिया। अपनी मांगों को लेकर बैठक में शिक्षकों ने हुंकार भरते हुए निर्णायक आंदोलन का निर्णय लिया। इसके लिए विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने और आंदोलन के लिए आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संस्थान स्तर पर पांच शिक्षक-कर्मचारियों की एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि और राज्य प्रतिनिधि का पद निर्धारित किया गया। बैठक में अतिथि के रूप में उपस्थित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष मंडल के सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की फाइल पर वित्त मंत्री की अनुशंसा करा ली गयी है। इसके पूर्व वित्त मंत्रालय से इस फाइल को वापस कर दिया गया था। अब 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जल्द ही इसे कैबिनेट की बैठक में पास कर दिया जायेगा। इसके पूर्व विधि मंत्रालय से अनुशंसा कराना है, जिसमें किसी तरह का व्यवधान नहीं आयेगा। उन्होंने झारखंड में वित्त रहित शिक्षा को समाप्त कर समान कार्य के लिए समान वेतन की मुख्यमंत्री की विधान सभा में घोषणा और इससे संबंधित सरकार द्वारा जारी निर्देश पत्र को शिक्षकों के समक्ष रखा। इस संबंध में सरकार के निर्णय को लागू करने का एक सूत्री मांग पर आंदोलन किया जायेगा।

# गढ़वा शहर के छह सहित नौ मिठाई दुकानों पर 1.90 लाख का जुर्माना

**अपर समाहर्ता के न्यायालय ने जारी किया आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार-2006 के अंतर्गत राज महेश्वरम, न्याय निर्णयन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता के द्वारा खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न 09 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें Substandard-05, Misbranded-01, Extraneous Matter-03 के वाद थे। जिन खाद्य नमूनों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी, उसमे इंडिया गेट बेशन, बुन्दी लडडू, पेड़ा, बरफी, बेशन लडडू, मूंगफली चिकी, प्रमोद सोनपापड़ी शामिल थे। संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों पर कुल 1,90,000/- (एक लाख नब्बे हजार) रुपए का जुमार्ना लगाया गया। जिसमें गढ़वा शहरी क्षेत्र के 06 दूकान/प्रतिष्ठान, नगर उँटारी-01, रमना-01, लगमा-01 है। इन सभी प्रतिष्ठानों पर अधिरोपित जुर्माना की राशि चलान के माध्यम से जमा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज, प्रधान सहायक प्रमोद कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय के निधन पर एसपीडी कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज शासी निकाय के सचिव पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय के निधन पर सोमवार को महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चैबे ने कहा कि हम सब के अभिभावक और महाविद्यालय के सचिव युगल किशोर पांडेय एक नेक दिल इंसान थे। वे हमेशा एक अभिभावक और मार्गदर्शक के रुप में ही हम सबों से पेश आते थे। महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के प्रति हमेशा वे भलाई ही सोंचते थे। उनके निधन से महाविद्यालय परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी कभी भी भरपाई नही हो सकती। शोक सभा में प्रो विवेकानंद उपाध्याय, प्रो अर्जुन प्रसाद, प्रो कमलेश सिन्हा, प्रो भरत उपाध्याय, प्रो अखिलेश पाठक, प्रो केबी अंसारी, प्रो एके शुक्ला, प्रो संजीव मिश्रा, प्रो किरण कुमारी, प्रो नीलम गुप्ता, प्रो संजय केशरी, प्रो धीरेंद्र मिश्र, प्रो चंद्र कुमार, प्रो शबनम, आदि उपस्थित थे। शोक सभा के पश्चात महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य पूर्व विधायक सह शासी निकाय के सचिव युगल किशोर पांडेय के अंत्येष्टि कार्यक्रम में पलामू के रजहरा गांव पहुंचे जहां से लब्जी नदी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी समेत कई कांग्रेसी नेता और मणमान्य लोग उपस्थित थे।

# किसान को जले गेहूं के बोझे का अभी तक नहीं मिला मुआवजा

## दो महीने से मुआवजे की आस में टकटकी लगाये बैठे हैं किसान

आजाद सिपाह संवाददाता



**जल्द ही किसानों को मुआवजा मिलेगा : बीडीओ**

मामले में बीडीओ सह सीओ देवलाल करमाली ने कहा कि आगलगी से नष्ट हुई फसल से संबंधित सभी रिपोर्ट तैयार कर के जिला कार्यालय को भेजा गया है। जल्द ही भुक्तभोगी किसानों को मुआवजा दिया जायेगा।

**डंडई।** डंडई प्रखंड रारो गांव के पथलाही टोला निवासी किसान दिनेश यादव, लालमोहन यादव व अनिल यादव के करीब दो माह पूर्व खलिहान में रखे लगभग 650 गेहूं का बोझा जल कर नष्ट हो गया था। भुक्तभोगी किसान ने आगजनी से नष्ट हुए फसल की मुआवजा को लेकर भटक रहा है। उन्होंने बताया कि सालभर की मेहनत की कमाई चंद मिनटों में जल कर खाक हो गया था। इस हादसे ने पूरे परिवार के थाली का आहार छीन लिया।वही भुक्तभोगी किसान दिनेश यादव, लाल मोहन यादव व अनिल यादव ने बताया कि गेहूं का फसल को जल कर नष्ट हो जाने से परिवार में खाने की भी समस्या उत्पन्न हो गयी है। आगलगी के बाद गांव व टोला के लोगों ने दया दिखा कुछ राशन मुहैया करायी थी, जिससे परिवार दो वक़्त की रोटी खा पा रहा है। अगर सरकार के द्वारा समय पर मुआवजा की मुहैया करा देती तो घर की आर्थिक स्थिति में सुधार होता। मुआवजा की आस में महीनों से इंतजार कर रहे हैं। किसी तरह का कर्ज लेकर गेहूं की खेती की थी, लेकिन आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया। हम लोग खेती बारी पर ही निर्भर रहते हैं और अब खेती का समय आ गया है घर में फूटी कौड़ी नहीं है। पहले ही कर्ज लेकर गेहूं की फसल किया था। भुक्तभोगी किसान ने संबंधित अधिकारियों से जलकर नष्ट हुए फसल की मुआवजा की गुहार लगायी है।

# झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा ने झटके तीन गोल्ड सहित आठ मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गोड्डा में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड, दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल आठ मेडल जीत कर जिले का नाम रौशन किया है। मेडल जीत कर जिले का नाम रौशन करने खिलाड़ियों में अंजली कुमारी कुल तीन पदक जीते जिसमे अन्डर 17 बालिका वर्ग में गोल्ड, अंडर 19 बालिका वर्ग में गोल्ड महिला वर्ग टीम में रजत, अंडर 19 वर्ग के सभी तीन पदक गढ़वा के खिलाड़ियों ने जीत कर अंडर 19 वर्ग का चैंपियन बना। अंडर 19 वर्ग में नितीश कुमार मेहता ने बालक वर्ग में गोल्ड, अनिल कुमार मेहता ने रजत, अनिमेष कुमार पांडेय ने कांस्य पदक जीता, हर्षित कुमार पांडेय और मयंक राज ने अन्डर 15 बालक में कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन , टीम के अनुशासित और बेहतर नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए टीम के कोच कमलेश कुमार दुबे एवं मैनेजर संजय कुमार सिंह सहित टीम मे शामिल सभी खिलाड़ियों को टीम की जीत पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक का अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, धनंजय कुमार सिंह, नंद कुमार गुप्ता, सुशील केशरी, संजय सोनी, संतोष,अमित सिंह सिस्टर रोशना, अशोक विश्वकर्मा चंद्रभूषण सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, सदस्य अमोद पांडेय, अजय ठाकुर, पंकज सोनी, अभिभावक सच्चिदानंद धर दुबे, अमित कुमार, मौलेश तरूण एवं शिल्पी दूबे शामिल है।

# आजाद सिपाही में खबर छपने के एक सप्ताह बाद पहुंचे श्रम अधीक्षक

## सीजन ऑफ होने के चलते नहीं मिले बाल मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता



संग्रहण केंद्र में जांच करते श्रम अधीक्षक ।

**भंडरिया।** केंदु पत्ता खरीदारी का सीजन समाप्त होने के बाद श्रम अधीक्षक की टीम सोमवार को भंडरिया पहुंची। यहां टीम ने भंडरिया के नौका स्थित केंदु पत्ता संग्रहण केंद्र में बाल मजदूरी मामले की जांच की, लेकिन समाचार प्रकाशित होने के एक सप्ताह बीत जाने के बाद की गयी मामले की जांच में बाल मजदूरी की पुष्टि नहीं हो पायी। वहीं अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। भंडरिया पुलिस के साथ नौका जांच करने पहुंचे श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने बताया कि बाल मजदूरी के विषय उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी। वहीं केंद्र में बाल मजदुर काम करते हुए नहीं मिले। उन्होंने बताया कि बाल मजदूरी के मामले पर वे बीच में फिर जांच करेंगे। दरअसल इस बार लगातार हो रही बारिश के कारण केंदु पत्ता की खरीदारी प्रभावित हुई है। वहीं इन दिनों खरीदारी बंद हो गयी, ऐसे में खलिहान में सूखने के लिए रखे गये पत्तों को सुखाने का काम बंद हो गया। इस कारण बाल मजदुर सोमवार को काम करते नहीं मिले। उल्लेखनीय है कि गढ़वा जिले के भंडरिया और बड़गड़ प्रखंडों में संचालित केंदु पत्ता संग्रहण केंद्रों में 100 रुपये प्रतिदिन में बाल मजदूरी का मामला सामने आया था। वहीं आजाद सिपाही में 26 मई के अंक में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, लेकिन खबर छपने के एक सप्ताह बाद जांच व इन दिनों पत्तों की गिनती, छंटाई और बंडलिंग का काम बंद होने से सोमवार को केंद्रों पर बाल मजदुर नहीं मिले।

## आइएससी में जिला टॉप करने वाले प्रभात को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय के जनप्रतिनिधि कक्ष में एक सादे समारोह का आयोजन कर आईएससी की परीक्षा में जिला टॉप करने वाला गोविंद इंटर कॉलेज का छात्र प्रभात प्रसाद कुशवाहा को उपहार देकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ लालमोहन ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा इंटरमीडिएट विज्ञान परीक्षा के घोषित परिणाम में मेराल पूर्वारा टोला निवासी कृषक अर्जुन कुशवाहा का पुत्र प्रभात ने जिला में प्रथम स्थान लाकर अपने माता-पिता के साथ गांव का नाम रोशन किया है। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, राजेश यादव, जगजीवन राम, ज्ञान चौबे, मदन यादव, आदि मौजूद थे।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा, हजारीबाग**
email id-dwohazaribag@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति –:नामाकंन सूचना:–**

प्रेज्ञा फाउण्डेशन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एंव पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के विशेष प्रयोजन से झारखण्ड राज्य की बालिकाओं के लिए नर्सिंग कौशल कॉलेज में राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा प्रमाणित 2–वर्षीय ए.एन.एम. नर्सिंग कोर्स हेतु आवेदन जारी है। जो भी इच्छुक उम्मीदवार मूलतः झारखण्ड के निवासी है, जिनकी उम्र सीमा 17 से 30 वर्ष है एवं 12वीं पास है वो http:/app.prejha.org पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते है।

| | |
|---|---|
| आवेदन करने की अंतिम तिथि | 14 जून 2025 |
| परीक्षा की तिथि | 15 जून 2025 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–मो0–8789043773, 7004370247
रॉची हेल्पलाईन नं0–6204800180
विशेष जानकारी हेतु जिला कल्याण कार्यालय, हजारीबाग/कल्याण गुरूकुल, ईचाक में संपर्क किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 354022 (Welfare)25-26*D

**Government of Jharkhand Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**
**e- Procurement Tenders Notice**
**NIT No. - UDD/LNP/04/2025-26**

Notice No. - Date –

| S.L No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Bid Security | Tender Fee | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित आयोग मद | | | | | | |
| 1 | UDD/LNP/04/2025-26 | Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Latehar Town (Jharkand) followed by Operation and Maintenance Including desludging operations for Five Year. | Construction Cost:- 29471426.00 Operation and Maintenance Cost:- 11466417.00 Total:- 40937843.00 | 409400.00 | 10000 | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of Trial and Run and 5 year of O&M post DLP. |
| 2 | Date of e-Publication of Tender | | 04.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 3 | Document downloading start Date | | 05.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 4 | Start date for seeking clarification | | 10.06.2025 at 12:00 PM | | | |
| 5 | End date for seeking clarification | | 11.06.2025 at 12:00 PM | | | |
| 6 | Pre bid meeting date, Time & Venue | | 17.06.2025 at 12:00 PM, Nagar Panchayat office | | | |
| 7 | Bid submission end Date | | 24.06.2025 upto 2:00 PM | | | |
| 8 | Technical Bid opening date (Online) | | 25.06.2025 at 5:00 PM | | | |
| 9 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 354101 Urban Development(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2025-26**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 11/06/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 12/06/2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 12/06/2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation Work of Female Ward, Female Cell, Dispensary, Toilet Block, Creche & Boundary Wall at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 30,79,900=00 | 62,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 2. | Renovation work off Ward No-01 to 04 at Mandal Kara Lohardaga in the District Lohardaga. | 41,55,700=00 | 85,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 3. | Renovation work of Ward No -05 to 08 at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 49,93,100=00 | 1,00,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 4. | Renovation/Repair work of Perimeter wall, Drain & Construction of water sump at Mandal Kara Lohardaga in the district of Lohardaga. | 27,33,200=00 | 55,000=00 | 5,000=00 | 03 (Three) Months. |
| 5. | Repair work of WatchTower (05 Nos.) & Morcha at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga | 17,84,800=00 | 36,000=00 | 5,000=00 | 03 (Three) Months. |
| 6. | Construction of Room inside Jail Premises for LADCS at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 10,09,600=00 | 20,500=00 | 2,500=00 | 03 (Three) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तो का पालन अनिवार्य है :–

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या आवश्यक शपथ पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटद् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 354086 Lohardaga(25-26)D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जून, 2025
www.azadsipahi.in



## दो माह की बजाय उन्हें एक माह का राशन



बरवाडीह(आजाद सिपाही)।बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत के जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक निजाम खान की मनमानी फिर सामने आयी हैं। जहां सरकार के निर्देश के बावजूद कार्ड धारकों को 1 से 15 जून तक मिलने वाले दो माह के राशन के बजाय उन्हें एक माह का राशन देकर लौटा दिया गया। मामले की शिकायत मिलने के बाद सोमवार की दोपहर स्थानीय जिला परिषद संतोषी शेखर और उप मुखिया राणा प्रताप सिंह डीलर की दुकान पहुंचे। जिला परिषद के पहुंचने के बाद कार्ड धारको ने बताया कि उन्हें राशन के लिए सर्वर खराब होने की बात कह कर कई घंटे से इंतजार करना पड़ रहा है और मात्र एक माह का राशन मिलने की बात कही जा रही हैं। जिला परिषद ने ग्रामीणों के सामने डीलर निजाम खान को बुलाकर कर जन वितरण प्रणाली केंद्र को खुलवाया, जिसके बाद जांच में सर्वर सही मिला और एक की जगह दो माह का भी पर्चा निकल रहा था। संतोषी कुमारी ने डीलर की कार्यशाली पर जमकर फटकार लगाते हुए जान बुझ कर कार्ड धारकों को परेशान न करने की नसीहत दी। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि किसी भी कार्ड धारक को उनका तय अनाज नहीं देने पर कार्यवाई के लिए भी तैयार रहे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संतोषी शेखर ने पुरे मामले की जानकारी प्रखंड विकास अधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को देते हुए मामले में सज्ञान लेते हुए सभी केंद्र में सही राशन वितरण करने का निर्देश दिया।

## जनसुनवाई में खानापूर्ति,ज्यूरी मेंबर पंचायत समिति को नहीं दी सूचना, ग्रामीणों की उपस्थिति भी नाम मात्र



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह पंचायत में मनरेगा योजनाओं को लेकर आयोजित सोशल ऑडिट प्रक्रिया पर पारदर्शिता और सहभागिता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। पंचायत स्तरीय जनसुनवायी में न तो पंचायत समिति सदस्यों को औपचारिक सूचना दी गयी न ही लिखित इसके अलावे ग्रामीणों की भी उपस्थिति नाम मात्र दिखी, जिससे यह पूरी प्रक्रिया महज खानापूर्ति बनकर रह गयी है। पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान ज्यूरी मेंबर के रूप में बरवाडीह पंचायत समिति सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित थी, लेकिन उन्हें न तो लिखित सूचना दी गयी और न ही व्यक्तिगत रूप से जानकारी दी गयी। इस उपेक्षा से नाराज जनप्रतिनिधियों ने जनसुनवायी की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधियों को ही दरकिनार किया जा रहा है। जब जनप्रतिनिधि को सूचना नही है तो ग्रामीण को कैसे होगी। यह तो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और पारदर्शिता की उम्मीद पर बेमानी है। पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि सोशल ऑडिट जनता की निगरानी का एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसे कागजी औपचारिकता बना दिया गया है। बिना जानकारी और आमंत्रण के यह पूरी प्रक्रिया दिशाहीन हो जाती है।ग्रामीणों की उपस्थिति भी नाम मात्र रही। अधिकांश लोगों को कार्यक्रम की न तो तारीख पता थी।न स्थान और समय की कोई जानकारी दी गई थी। इससे यह साफ होता है कि आम जनता तक सूचना पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी तरह विफल रही। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की निगरानी के लिए सोशल ऑडिट बेहद जरूरी है, लेकिन बरवाडीह में इसके संचालन की गंभीर खामियों ने पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

## सीमित संसाधन के बावजूद सरकारी विद्यालय के छात्र - छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय नदी नगड़ा, लोहरदगा के चौथी एवं पांचवी कक्षा के बच्चों ने अपने वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में एक्सपोजर विजिट के तहत बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, साइंस सिटी और बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, ओरमांझी का भ्रमण किया। रांची से 75 किलोमीटर दूर से आए ग्रामीण परिवेश के बच्चों की खुशी अपने चरम सीमा पर थी उनकी कल्पनाशीलता तब और प्रकट हुई जब दयानंद पब्लिक स्कूल के संचालक नागेश्वर कुमार सिंह के द्वारा परिवहन की व्यवस्था कर सरकारी विद्यालय के बच्चों को सैर कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) का शुभारंभ अरगोड़ा चौक से किया गया। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास और दयानन्द पब्लिक स्कूल के संचालक एवं समाज सेवी नागेश्वर कुमार सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। साथ ही उनके द्वारा चॉकलेट एवं अन्य खाद्य सामाग्री का भी वितरण बच्चों के बीच किया गया। सबसे पहले बच्चों एवं उनके साथ आए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकों को बिरसा मुंडा स्मृति पार्क (पूर्व कारा) का भ्रमण कराया गया जहां बच्चे झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वीर गाथा के साथ वहां बड़े ही करीने से झारखण्ड के संस्कृति की झलक से रूबरू हुए। करीब 12 बजे साइंस सिटी, टैगोर हिल का भ्रमण कराया गया जहां बच्चों को तारामंडल सहित वैज्ञानिक अन्वेषणों का अवलोकन कराया गया। बच्चों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार ने बड़े ही सरल और रोचक ढंग से बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए जैव विविधता का प्राय बन चुके बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, ओरमांझी ले जाया गया, वहां बच्चे पुरे उद्यान में स्थित रंग बिरंगे चिड़ियां, मनमोहक मोर, जंगल का राजा शेर, भालू , गैंडा, हिरण आदि के अतिरिक्त स्नेक वर्ल्ड को पहली बार इतने करीब से देखा। विद्यालय परिवार के पूरी टीम ने उद्यान का भरपूर आनन्द लिया। भ्रमण के क्रम में बच्चे अपनी नोट बुक में सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट डाउन किये ताकि वे विद्यालय खुलने के बाद अपना -अपना प्रस्तुति साझा कर सकें। एक्सपोजर विजिट के पुरे टीम को प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार ने समाजसेवी के सहयोग से लजीज भोजन और नास्ते का उत्तम प्रबन्ध किया था, जो बच्चों के मनोनुकूल थे, जिसकी सराहना उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने भी किया।

# अवैध बीड़ी पत्ता का कारोबार तेजी से फैल रहा, कार्रवाई के नाम केवल खानापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पीटीआर क्षेत्र में इन दिनों बीड़ी पत्ता का अवैध कारोबार तेजी से हो रहा है। वही खानापूर्ति के लिए वन विभाग की टीम ने सोमवार को छापेमारी अभियान चलाकर महज 11 बोरा अवैध बीड़ी पता छिपादोहर थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा के जंगल से और 9 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता जब्त किया है। बता दें कि पीटीआर क्षेत्र में बीड़ी पत्ता माफिया खुलकर अवैध कार्य में लिप्त हैं। ये माफिया नीचे से लेकर ऊपर तक सेटिंग कर करोड़ो रुपये का नुकसान सरकार को पहुंचाते हैं और बेखोफ तरीके से इसे अंजाम तक पंहुचाते है। उधर बात की जाए तो वन विभाग के प्रावधान के अनुसार पीटीआर के वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ता तोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित है इसके बावजूद तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध बीड़ी पत्ता का कारोबार का अंजाम दिया जा रहा है। इससे जहां पलामू टाइगर रिजर्व के सुरक्षित वन को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं तस्करों के कारण सरकार को भी भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। बीड़ी पत्ता तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर यहां अवैध बीड़ी पत्ता का तुड़ाई करवायी जा रहा है।

# ईद उल जोहा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व में सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात और निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को संपन्न कराया जा सकें। उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाए रखने के निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को ईद-उल-जोहा (बकरीद) को लेकर शांति समिति की बैठक करने के निर्देश दिया। पुलिस विभाग को पर्व के दौरान शहर के समस्त चौक-चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान पूरे जिल में प्रतिबंधित पशुओं का परिवहन वर्जित रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता और सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि विधि व्यवस्था से संबंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे में जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलम्ब सूचना दें। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि बकरीद के अवसर पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। पर्व के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में सूचना देने के लिए जिले स्तर पर 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 08987796308 पर कॉल कर सूचना को साझा किया जा सकता है। साथ ही साईबर सेल के मोबाइल नंबर 6206159795 पर अथवा 112 पर कॉल कर सूचना साझा कर सकते हैं। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। उन्होंने सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और गश्ती करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला के प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें : हाजी शकील अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता एवं कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद और प्रखंड पर्यवेक्षक विशाल डुंगडुंग की विशेष उपस्थिति में की गयी। बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत संगठन का पुनर्गठन कर नये सिरे से पार्टी को मजबूत बनाया जा रहा है। बीते कांग्रेस अधिवेशन गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी ने यह तय किया कि संगठन का नये तरीके से सृजन किया जाये, जिसमें सभी वर्ग और महिला ,युवा की सहभागिता हो, जिससे पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता समर्पित होकर पार्टी के किए कार्य करें। कुडू प्रखंड कॉंग्रेस कमिटि के पदाधिकारियों का भौतिक सत्यापन किया गया एवं नयी कमिटी का गठन किया गया। प्रखंड पर्यवेक्षक विशाल डुंगडुंग ने कहा कि संगठन सृजन के तहत पार्टी की नींव और अधिक मजबूत की जा रही है जो केंद्रीय नेतृत्व का प्रभावी कदम है। मौके पर जिला महासचिव हाजी सदरुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम , कैरो प्रखंड के प्रभारी एनुल अंसारी , सलीम अमीर , महिला प्रखंड अध्यक्ष किस्मती देवी ,पंचायत अध्यक्ष रशीद अंसारी , मो इकबाल, अबू रेहान, हफीजुल अंसारी ,रब्बुल पवरिया, परवेज आलम , हफीजुल अंसारी, बबलु मुंडा,असलम खान ,जुनैद खान, हलीम अंसारी, संजू टूरी ,साहबुल राय, सूरज मुंडा रमेश उरांव रूपनारायण उरांव अनूप साहू संजय कुमार ,लाल प्रशांत नाथ सहदेव ,शहजाद अंसारी सनाउल्लाह अंसारी , उपेंद्र, साहू, असलम खान आदि उपस्थित थे।

# सर्वधर्म सर्वजातीय निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर 11 जोड़ों का कराया गया विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड ।** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फरठिया गढ़वा के बैनर तले सोमवार को महुआडांड प्रखंड स्थित सोहरपाठ में परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम सर्वधर्म सर्वजातीय निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर 11 जोड़ों की शादी कराई गयी। परमपूज्य औघड़ प्रियदर्शी राम के सानिध्य और प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक श्रद्धेय भैया की प्रेरणा से आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में 11 अभावग्रस्त बेटियों की शादी कराई गयी। समारोह का शुभारंभ सुबह 7:00 बजे भगवान अवधूत राम की पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद 11 वर-वधु जोड़े अपने परिजनों के साथ विवाह स्थल पर पहुंचे। डीजे की धुन पर बारातियों ने पारंपरिक उत्सव मनाते हुए द्वारपूजा की रस्म निभाई। फिर श्रृंगार कक्ष में वधुओं को पारंपरिक वेशभूषा में सजाया गया और निर्धारित स्थानों पर ले जाकर वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत संस्कारों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। विवाह में फल हस्त, पाणिग्रहण, सप्त वचन और सिंदूरदान समेत सभी वैवाहिक रीतियों को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरी श्रद्धा से निभाया गया। मौके पर सामूहिक विवाह समिति के रंजीत सिंह ने कहा कि इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में आए दिन धर्मांतरण के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में यहां की आदिवासी परंपरा और संस्कृति को अक्षुन्न बनाए रखने में धर्मांतरण पर रोक एवं दहेज मुक्त समाज के लिए इस प्रकार के आयोजन जरूरी हैं। उन्होंने सभी जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए नवविवाहित जोड़ो से कहा कि आप अपने दंपत्ति जीवन में तभी सुखी रहेंगे और आगे बढ़ेंगे, जब आपका बात, व्यवहार, रहन-सहन सुसंस्कृत रहेगा और आपका संस्कार सुसंस्कृत तब बनेगा जब आप अपने आस-पड़ोस, माता-पिता, सगे-संबंधी, नात- रिश्तेदार सबका इज्जत करेंगे। उन्होने कहा कि आज से ये बेटियां हमारी हैं। अब पैसे के अभाव में किसी भी बहन-बेटी की शादी नहीं रुकेगी। प्रेरणा परमार्थ आश्रम ऐसे आयोजनों के माध्यम से जरूरतमंद बेटियों का विवाह कराता रहेगा। वरिष्ठ परमार्थी प्रकाश सिंह ने भी आश्वस्त किया कि हर साल ऐसी बेटियों का चयन कर उनकी शादी की पूरी जिम्मेदारी आश्रम उठायेगा।

## ऐतिहासिक होगा गंगा दशहरा पर महाआरती का कार्यक्रम, तैयारी को लेकर जुटे श्रद्धालु



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला में 5 जून को गंगा दशहरा कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण एवं भव्य होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर कई महिला समूह जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम को लेकर शिव मंदिर बड़ा तालाब प्रांगण में संध्या 7:00 बजे महाआरती का आयोजन किया जाना है , जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है, जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों की बच्चियों के द्वारा महा गंगा आरती का अभ्यास कराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी नगर के सक्रिय सदस्य विजय खत्री के द्वारा बच्चों को मां गंगा दशहरा के बारे में बतलाया गया कि गंगा दशहरा हिंदू धर्म में मनाये जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है और इसी दिन मां गंगा के धरती पर अवतरण हुआ था।इस दौरान अनिल गुप्ता ने कहा कि इस बार बनारस के तर्ज पर ऐतिहासिक गंगा आरती का आयोजन किया जायेगा। जिला के सभी सनातनी बंधु से आग्रह होगा कि शिव मंदिर बड़ा तालाब प्रांगण में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर महाआरती कार्यक्रम में आए और कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर उपस्थित अशोक कांस्यकार ने कहा की शिव मंदिर परिसर को इस भव्य आयोजन के लिए दीप,पुष्प और सजावट से सुंदर रूप दिया जाएगा। ताकि भजन-कीर्तन और आरती का वातावरण भक्तिमय और दिव्य बन सके। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करने का माध्यम बनेगा। इस दौरान गंगा दशहरा के इस पावन दिन पर गंगा माता की आराधना से जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की इस आयोजन के जरिए श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने और धार्मिकता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष गंगा दशहरा पर यह महाआरती पहली बार कन्याओं के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जो एक नई धार्मिक परंपरा को जन्म देगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गंगा माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें।

## टॉपर्स को उपायुक्त ने किया सम्मानित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित विज्ञान और वाणिज्य की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन छात्र-छात्राओं को उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं से उनके कॅरियर से चुनाव संबंधी जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा कि आपके पास कॅरियर के सभी अवसर खुले हैं। आप उनमें से बेहतर का चुनाव करें। उपायुक्त लोहरदगा ने विज्ञान के विद्यार्थियों को तकनीकी आधारित विषयों की ओर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि देश को उच्च कोटि के डॉक्टर और इंजीनियर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आज देश को डॉ त्रेहान और एपीजे अब्दुल कलाम की आवश्यकता है। आप सभी अपने जड़ों से जुड़े रहें और अपने माता-पिता का सम्मान करें, जिस कॅरियर का चुनाव करें उसमें अपना उत्कृष्ट प्रयास दें। उपायुक्त ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के कॅरियर काउंसिलिंग कराए जाने का निर्देश दिया। सम्मानित होने वाले टॉपर्स में विज्ञान संकाय की रोशनी भगत, 93.6%, विद्यालय : +2 नन्दलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा, श्रुति कुमारी, 91%, एमएलए इंटर कॉलेज, पंकज कुमार गुप्ता, 87% , ईआईएमए इंटर कॉलेज, वाणिज्य संकाय से करुणानिधि राम, 89.6%, +2 चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा, आँचल कुमारी, 88.60%, केजीबीवी, सेन्हा, जारा महविश, 86.7%, ईआईएमए कॉलेज, मनहो शामिल हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, सभी सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं और उनके माता-पिता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया जायेगा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का तृतीय वर्षगांठ



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली का तृतीय वर्षगांठ समारोह 04 और 05 जून को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां मंदिर कमेटी के द्वारा पूरी कर ली गयी है। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दिनांक 04 जून 2025 (बुधवार) को पूजन, भव्य शोभायात्रा और महाआरती के पश्चात 12 घंटे का अखण्ड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। भव्य शोभा यात्रा दोपहर 3:00 बजे से शुरू होगी , जो पूरे नगर का भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंचेगी। वही दिनांक 05 जून 2025 (गुरुवार) पूजन और भव्य भंडारा दोपहर 2:00 बजे से अनवरत जारी रहेगी। रात्रि 7 बजे से 12 घंटे का अखंड हरी कीर्तन होगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी के सदस्य, धार्मिक संगठनों के लोग लगे हुए हैं। मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक डॉ गणेश प्रसाद ने बताया कि पूर्व के समय में बरवाटोली की पहचान अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन अब परिस्थिति बदल गयी है। अब बरवाटोली की पहचान धार्मिक अनुष्ठान और संस्कृति को बढ़ावा देने की है। लोगो मे शांति और सौहार्द का संदेश बरवाटोली देता है। वही अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने बताया कि मंदिर का तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसमे लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ होने का अनुमान है। सभी के लिए जलपान का आयोजन किया गया है। वही कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

## उपायुक्त ने किया विभागों का औचक निरीक्षण



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने सोमवार को जिला के कई विभागों का औचक निरीक्षण किया । इसमें राजस्व विभाग, पीएमयू, एनआईसी,झारनेट वीसी रूम, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक का कार्यालय, जिला समाज कल्याण कार्यालय, समाहरणालय परिसर इत्यादि का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के उपरांत कार्यालय परिसर में फैले कूड़े-कचड़े का प्रबंधन करने के साथ-साथ परिसर में वाहन पार्किंग के प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने का भी निर्देश दिया गया। समाहरणालय प्रांगण में एक दूसरे भवन को जोड़ने वाले पथों की मरम्मती का निर्देश दिया। निरीक्षण मे नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## छतरपुर में हुई आगजनी की घटना का पलामू पुलिस ने किया उद्भेदन

# पांच अपराधी गिरफ्तार, हथियार-बाइक जब्त

**पलामू एसपी रीष्मा ने कहा : अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता



हथियार सहित पकड़े गये अपराधियों की जानकारी देती पलामू एसपी एवं अन्य।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अंतर्गत ग्राम कुटिया मोड़ के पास विगत दिनों 8-9 अज्ञात बदमाशों द्वारा दो हाइवा वाहनों में आग लगा दी गयी थी। इस संबंध में 28 मई को छतरपुर में थाना प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पलामू एसपी के निर्देश पर छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान छतरपुर के मसिहानी उरांव टोला निवासी विकास उरांव (25), मुनकेरी टोला अलीपुर निवासी मो याद अली उर्फ सोनू (20), गड्डीघाट टोला निवासी पंचम कुमार ठाकुर उर्फ पंचम पुजारी (28), बरडीहा निवासी सकेंद्र उरांव (27) और सा मुनकेरी टोला अलीपुर निवासी जमशेद आलम (20) के रूप में हुई है। इनके पास से भर्ती पिस्टल, कट्टा, जिंदा कारतूस और बाइक भी जब्त की है।

### पूछताछ में चौंकाने वाले किये खुलासे

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बताया कि लगभग 7-8 महीने पहले ही 8-9 व्यक्तियों का एक संगठित गिरोह बनाकर छतरपुर, नौडीहा बाजार एवं अन्य माइनिंग क्षेत्रों में कार्यरत माइंस/क्रशर मालिक, ठेकेदार, ट्रांसपोर्टर एवं दुकानदारों से रंगदारी वसूली की योजना बनाई गई थी। भय का वातावरण बनाने के उद्देश्य से फरवरी महीने में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में विगत दिनों जौरा माइंस रोड पर सुनियोजित साजिश के तहत हाइवा वाहनों में आगजनी एवं फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दिया गया थी। (नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या-13/25)। वसूल की गई लेवी की राशि को अपराधियों के बीच आपस में बांट लिया गया था, जिससे संबंधित दस्तावेजों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी की मानें तो गिरफ्तार बदमाशों में से कई के विरुद्ध पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि शेष फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। वहीं, छापामारी दल में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नवाबाजार थाना प्रभारी संजय यादव, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, पुअनि राहुल कुमार, पुअनि सुशील उरांव, पुअनि इन्द्रजीत राणा, पुअनि अनिल कुमार, पुअनि अशोक टोप्पो, सअनि राजीव कुमार, तकनीकी शाखा और छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एयरपोर्ट, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर होगी कोविड लक्षण वाले मरीजों की जांच : मंत्री

### कहा- कोविड के नये वेरिएंट से निपटने को राज्य सरकार तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अभी तक केंद्र सरकार की ओर से कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुआ है। बावजूद इसके हमलोग अपने स्तर से पूरी तरह से सतर्क हैं। बैद्यनाथधाम और बासुकीनाथ में रोजाना बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। ऐसे में भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मास्क का प्रयोग जरूर करें। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को देवघर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक यह अच्छी बात है कि देवघर और दुमका सहित पूरे संताल परगना में अबतक एक भी कोविड का केस नहीं मिला है। फिर भी स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से अलर्ट है। कोविड से निपटने की पूरी तैयारी है। अगर कोई केस मिलता है तो उसका समुचित इलाज होगा। सभी अस्पतालों के ऑक्सीजन प्लांट को दुरुस्त कर लिया गया है। अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड भी बनकर तैयार है। इमरजेंसी के लिए आईसीयू भी तैयार है। दवा, किट सहित अन्य जरूरी संसाधन राज्य सरकार के पास पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। फिर भी लोगों से अपील है कि भीड़-भाड़ से बचे और मास्क का प्रयोग करें। एयरपोर्ट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात है, जो कोविड लक्षण वाले मरीजों की जांच करेंगे। इसके बाद उनका समुचित इलाज किया जाएगा।

### श्रावणी मेले को लेकर जल्द करेंगे समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 11 जुलाई से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर राज्य सरकार श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा देने को तैयार है। मेले में लाखों लोग आते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ख्याल राज्य सरकार रखेगी। जल्द ही विभागीय स्तरीय पर मेले को लेकर समीक्षा करेंगे और तैयारियों की जानकारी लेंगे, जिसमें आलाधिकारी रहेंगे। सिविल सर्जन को बुला कर निर्देश दिया गया है कि मेले को लेकर क्या-क्या जरूरत है, इसपर एक्शन प्लान तैयार करें। मेले में श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, दवा, एंबुलेंस, डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टॉफ समेत अन्य सारे संसाधनों का दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। मेले में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी भूमिका है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को किसी तरह का कष्ट न हो।

## पीडीएस दुकानदारों के साथ एमओ ने की समीक्षा बैठक, जून में ही मिलेगा तीन महीने का राशन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक में जून माह में ही पीडीएस लाभुकों के लिए जून, जुलाई और अगस्त माह के राशन वितरण की योजना पर चर्चा हुई। इस अवसर पर एमओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर जून में तीन माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण करना है। इसे लेकर प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की गई। कहा कि एक से 15 जून तक, जून और जुलाई माह का राशन वितरण किया जाएगा। जबकि 15 से 30 जून तक अगस्त माह का राशन वितरण होगा। इसमें कार्डधारी एक से 15 जून के बीच दो माह का राशन एक साथ उठाव कर सकते हैं। बैठक में डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सिंह, सचिव अवधेश राम, अशोक यादव, धर्मेंद्र पटेल, अजीत कुमार सिंह, बिनु जायसवाल, जितेंद्र मेहता, शंभू चौधरी सहित प्रखंड के पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

## सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत : धीरज

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक सामाजिक संस्था व्हाट्स एप ग्रुप इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने पलामू-डाल्टनगंज में संचालित सामाजिक संस्था नई संस्कृति सोसाइटी के कार्यालय में संस्था के संचालक अजीत कुमार पाठक को जरूरतमंद लोगों के लिए वस्त्र, खिलौने वितरण करने के लिए सौंपा। धीरज मिश्रा ने कहा कि सभी लोगों को खास कर आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने का सराहनीय कार्य किया जाना चाहिए। जिससे आम जनमानस के साथ ही जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर भी मुस्कान लाने के साथ ही पुण्य का भागी बना जा सके। उन्होंने पलामू के सभी लोगों से सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। कहा कि आगे भी जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संचालक अजीत पाठक ने धीरज मिश्रा द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। मौके पर संस्था के सदस्य उदय कुमार झा, हिमांशु त्रिवेदी एवं सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, शशिकांत तिवारी उपस्थित रहे।

## पांच जून को समारोह पूर्वक मनायी जायेगी गायत्री जयंती



**देवघर (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार देवघर की ओर से पांच जून को जसीडीह के डाबरग्राम स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती एवं परमपूज्य गुरुदेव जी का महाप्रयाण दिवस मनाया जाएगा। सुबह 7.30 से 9 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। उसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं संकल्प समारोह आयोजित होंगे। गायत्री जयंती के पूर्व यानी 4 जून को सुबह 5 बजे से शाम पांच बजे तक अखंड गायत्री जप के बाद दीपयज्ञ एवं आरती का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी गायत्री परिवार के जिला उपसमन्वयक उमाकान्त राय ने दी है।**

## जेइइ एडवांस में देवघर के भव्यम शंकर ने जनरल कैटगरी में 2885 रैंक प्राप्त किया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर निवासी भव्यम शंकर ने जेइइ एडवांस 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2885वीं जनरल रैंक और 271वीं कैटेगरी रैंक लाकर परिवारवालों का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि भव्यम की कठिन मेहनत, दृढ़ संकल्प और उनके परिवारवालों के सहयोग से संभव हुआ। भव्यम की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि परिवार, शिक्षकों और पूरे देवघर के लिए गौरव का क्षण है। भव्यम के पिता रवि शंकर खुद एक प्रतिष्ठित आईआईटियन और रिटायर मिसाइल वैज्ञानिक हैं, जिनके मार्गदर्शन में भव्यम को अनुशासन और उत्कृष्टता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं छात्र की मां एकता रानी एक गोल्ड मेडलिस्ट हैं, जिनके शैक्षणिक मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने भव्यम को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दादा-दादी विष्णु प्रसाद चौधरी एवं रुति देवी ने भी भव्यम को नैतिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान कर उनकी इस यात्रा को और सशक्त बनाया। भव्यम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को देते हुए कहा कि मेरे पिता की वैज्ञानिक दृष्टि और माता की शैक्षणिक प्रेरणा ने मुझे हमेशा आगे बढ़ने की ताकत दी। मेरे दादा-दादी का आशीर्वाद और शिक्षकों का मार्गदर्शन मेरे लिए अनमोल रहा। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। भव्यम की इस उपलब्धि ने उन्हें देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए योग्य बनाया है। छात्र ने 10 वीं आर मित्रा प्लस टू विद्यालय से उत्तीर्ण किया और डीएस प्लस टू स्कूल रिखिया से इंटर साइंस वार्षिक परीक्षा 2025 में 429 मार्क्स लाकर विद्यालय का टॉपर बना।

## हमारा संविधान पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ : सुरेंद्र यादव



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली निकाली गई। जिसमें भाग लेने के लिए पांकी विस के पूर्व प्रत्यासी सह कांग्रेस नेता सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में पांकी से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव ने कहा कि आजादी के पूर्व से ही कांग्रेस लगातार राष्ट्र निर्माण का काम की है। हमारा संविधान दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। आज भाजपा संविधान को समाप्त करने की कोशिश कर रही है। इसे कांग्रेसी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संविधान रक्षा के लिए खड़े है। इस मौके पर पांकी प्रखंड अध्यक्ष गिरेन्द्र शर्मा, अजय सिंह, रामावतार सिंह, विजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सतेंद्र यादव प्रखंड एवं सिराजुद्दीन अंसारी बने नगर अध्यक्ष




**राजद के विश्रामपुर प्रखंड एवं नगर अध्यक्ष का चुनाव संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** राजद प्रखंड एवं नगर कमेटी के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की सोमवार को विश्रामपुर में बैठक हुई। पर्वेक्षक अश्वनी पांडेय की देखरेख में पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें सतेंद्र यादव सर्वसम्मति से पांचवीं बार प्रखंड अध्यक्ष चुने गये। वहीं सिराजुद्दीन अंसारी लगातार छठी बार राजद के नगर अध्यक्ष चयनित हुए। दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों को मनोनयन पत्र भी बैठक में ही दे दिया गया। जिसके बाद पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। दोनों अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि संगठन को मजबूत और विस्तारित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। बैठक में संजय उपाध्याय, मुन्ना यादव, रामप्यारी यादव, जसीम अंसारी, महेंद्र यादव, मनोज प्रजापति, मुद्रिका यादव, रिपुंजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, गोपीनाथ विश्वकर्मा, विकाश यादव, चंद्रप्रकाश चौबे, कलाम अंसारी, गोपाल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, बच्चा सिंह, अमीन अंसारी, संगीता देवी, बच्चा सिंह, अवध किशोर चौबे, विनोद विश्वकर्मा, रिंकू खान, इलहाक अंसारी, अर्जुन यादव, विवेक यादव, अनिल ठाकुर, देवकुमार ठाकुर, प्रभु चौधरी, रमेश चौबे, कृष्ण यादव, सुरेंद्र यादव, रूबी देवी, रेयाज हाजी आदि मौजूद थे।

## मृतक मेराज अंसारी के घर चार जून को जायेगा झारखंड कांग्रेस का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि दल



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र निवासी मेराज अंसारी (35) की पुलिस हिरासत में संदिग्ध स्थिति में हुई मौत की घटना पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू के निर्देश पर पांच सदस्यीय एक दल चार जून को पालोजोरी स्थित मृतक मेराज अंसारी के आवास जाएगा। वहां उसके परिजनों से मिलेगा। पांच सदस्यी दल का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे, जिसमें राज्य के स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश सचिव शबाना खातून मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। इसकी जानकारी झारखंड कांग्रेस के सचिव फैयाज कैसर ने दी है।

## हरिहरगंज में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को बकरीद को लेकर सीओ मनीष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें पुलिस प्रशासन, स्थानीय नेताओं और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बकरीद पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा की गई। वहीं पुलिस ने सभी से सहयोग की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्व के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। इस दौरान शांति समिति के कुछ सदस्यों ने नगर प्रशासन की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। बैठक में सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, एसआई विगेश कुमार राय, अविनाश कुमार, धनंजय कुमार गोप, शशि शेखर पांडेय सहित भोला गुप्ता प्रमोद कुमार रवि, मो अतहर हुसैन, अमित सिंह, इरफान साहिल, गंगा जायसवाल, दिनेश गुप्ता, अजय सिंह, अशोक जायसवाल, अरुण मिश्रा, कृष्ण कुमार सिंह, संजय मेहता, मुस्लिम अंसारी, समसाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## समारोह आयोजित कर दी गयी सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत सह सेवानिवृति शिक्षकों के लिये विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन से ही सभी शिक्षकों को उनके रिटायरमेंट से जुड़े सभी लाभ प्रदान कर किये गये। डीसी के हाथों सम्मानित होने वाले रिटायर्ड शिक्षकों में रामनारायण राम, राम अश्रेय राम, कमली कुमारी, श्यामदेव महतो, गोरखनाथ पांडेय, आशारानी शुक्ला, सदरुदीन खां, रश्मि माला, निशा गुप्ता एवं रामचंद्र राम शामिल रहे। डीसी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीवन का नया चरण है जिसे सेवा और अनुभव से और भी मूल्यवान बनाया जा सकता है। एक शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके आगामी जीवन के लिये शुभकामनाएं दी।

## जिप उपाध्यक्ष ने नवपदस्थापित डीसी से की शिष्टाचार मुलाकात

# पलामू के समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करूंगी: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिप उपाध्यक्ष एवं युवा झामुमो नेता आलोक कुमार उर्फ टुटू सिंह ने नवपदस्थापित डीसी समीरा एस से सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर टुटू सिंह ने डीसी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले का प्रशासनिक ढांचा और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि समीरा एस आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेंगी। वहीं, डीसी ने भी जिप उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू जिले के समग्र विकास और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारने और सभी वर्गों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन सजग और सक्रिय रहेगा। भविष्य में ज़िले के सामाजिक, आर्थिक और अवसंरचनात्मक विकास को लेकर दोनों पदाधिकारियों के बीच सकारात्मक समन्वय की आशा जताई जा रही है।

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व विधायक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। गढ़वा के पूर्व कांग्रेसी विधायक युगल किशोर पांडेय सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। दाह संस्कार उनके पैतृक गांव राजहरा में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। बतातें चलें कि पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन लंबी बीमारी के कारण रविवार को इलाज के दौरान रांची में हो गया था। उनके दाहसंस्कार में कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला, रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र यादव, मंदिर चंद्रवंशी, पंकज लाल दुबे सुरेंद्र कुमार और विकास कुमार यादव आदि शामिल हुए।**

## तकनीकी शिक्षा के लिए 8 जून को होगा स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन: के विश्वा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पत्रकार सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस, शिक्षा प्रकोष्ठ की ओर से 8 जून को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के तीन विद्यालयों सीता उच्च विद्यालय हरिहरगंज, बक्सी उच्च विद्यालय हुसैनाबाद एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय हैदरनगर में स्कॉलरशिप का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज के स्थानीय बच्चे भाग ले सकते हैं। छात्र सुविधा अनुसार नजदीकी परीक्षा केंद्र पर शामिल हो सकते हैं। सुबह 8 से 10 बजे तक दो घंटे की वैकल्पिक प्रश्नों की परीक्षा होगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देनी है। इस स्कॉलरशिप टेस्ट में क्षेत्र के वैसे बच्चे भाग ले सकते हैं जो इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पास किए हैं। टेस्ट में पास 105 विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप मुहैया कराया जाएगा। झारखंड युवा स्वाभिमान संगठन के प्रमुख और हुसैनाबाद के पूर्व विस प्रत्याशी के विश्वा ने कहा कि इस स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन का उद्देश्य अपने क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा के लिए जागरूक करना है। दुर्भाग्यवश और राजनीतिक उदासीनता के कारण इस क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के प्रति बच्चे जागरूक नहीं है। जागरूकता और काउंसलिंग के अभाव में क्षेत्र के बच्चे तकनीकी शिक्षा से दूर हैं। जबकि आज आधुनिक दौर में तकनीकी शिक्षा रोजगार के लिए अहम हो गया है।

# सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 2 जून सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में सभी तकनीकी विभागों की योजनाओं एवं अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रहे सभी तकनीकी योजनाओं एवं अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा एवं क्रियान्वयन की गति में सुधार लाना था। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं से औपचारिक परिचय लिया तथा तत्पश्चात उनके कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों की जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही अति आवश्यक सड़कों के निर्माण की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया एवं सड़क निर्माण कार्य में टेंडर की प्रक्रिया की शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही। एनआरइपी एवं स्पेशल डिवीजन की समीक्षा के क्रम में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के मरम्मती कार्य की जानकारी ली गयी एवं मरम्मती कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। एनएचएआइ के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने गुमला पलमा हाइवे निर्माण कार्य की जानकारी ली एवं निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने की बात कही। लिट्टीबेरा से गुमला तथा कोलेबिरा से गुमला सड़क निर्माण कार्य के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी को देखते हुए जल जीवन मिशन सहित हैंडपंप मरम्मती एवं जलमीनार के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जलका मोड़ के समीप बोलेरो वाहन के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार पोढ़हा बसारटोली निवासी रामचंद्र मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र मुंडा अपने गांव से मोटरसाइकिल पर टमाटर लोड कर साप्ताहिक हाट घाघरा बेचने आ रहा था। इसी क्रम में बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार रामचंद्र मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सरना धर्म महासम्मेलन सह प्रार्थना आयोजित



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के रेड़वा पंचायत के अंतर्गत गांव पारही पूजा स्थल पर राजी पड़हा सरना धर्म प्रार्थना सभा के प्रखंड अध्यक्ष निरल आईंद के नेतृत्व पर सरना धर्म महासम्मेलन सह प्रार्थना आयोजित की गयी। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा को आमंत्रित किया गया। वहीं धर्म गुरु श्री तिग्गा ने उपस्थित लोगों को सरना धर्म के बारे मे जागरूक करते की। इसके बाद गुरू चले गांव की ओर व राष्ट्रीय सरना धर्म न्याय यात्रा का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं श्री तिग्गा ने कहा कि अबकी बार जनगणना मे 02 करोड़ सरना धर्मावलंबी देश भर के सरना आदिवासियों को एक जुट करेंगे और आगामी जाति गणना मे भारत सरकार को भारतीय जनगणना प्रपत्र मे सरना धर्म कोड शामिल करने की मांग करेंगे। इसके अलावे राज्य के हेमंत सरकार से गुरुवार को साप्ताहिक छुट्टी की मांग की जायेगी। आयोजित इस महासम्मेलन मे पहान बुधवा, पूजार सुरेश खड़िया, पूनम मेरी कोनगाड़ी, दशरथी मुंडा, रंजनी मुंडा, सिरील नाग सहित गांव पारही, सुरसांग, धरनापुर, बानपुर, द्वारसेनी, बसिया, लतरा, नरसिंहपुर, रायबा, कोटबो, तुरबूल, कुली, पाकुट, पकरा,रनिया, तोरपा, कर्रा, भरनो सहित अन्य स्थान के सरना धर्मावलंबी के लोग काफी संख्या मे शामिल हुए।

## खपुलिस ने खोया हुआ मोबाइल किया बरामद, तीन लोगों को थाना प्रभारी ने सौंपा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने सोमवार को तीन लोगों का खोया मोबाइल बरामद कर उन्हें सौंप दिया है। शहर के कुम्हार मोड से पिंटू शर्मा का मोबाइल 26 नवंबर 2024 को घर के पास काम करने जाने के क्रम में गिरकर कहीं खो गया था। वही कुम्हरिया निवासी दिनेश इन्दवार का मोबाइल सूअर गुड़ा चौक के पास बाइक चलाने के क्रम में 26 अप्रैल 2025 को गिर गया था। जबकि लक्ष्मण नगर निवासी लकी सिंह का मोबाइल बीते रविवार को लिप्टस बगीचा के मैदान में क्रिकेट खेलने के क्रम में कहीं गिरकर खो गया था। मामले को लेकर सभी ने गुमला थाना में सनहा दर्ज कराया था। इसके बाद एएसआइ सुनील कुमार के द्वारा अनुसंधान के क्रम में तीनों का मोबाइल बरामद किया गया।

### उपायुक्त से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

## करमडीपा-सिसई रोड से लेकर चंडाली तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला के नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से उनके कार्यालय में मिला। सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित चेंबर के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय कराया। उसके बाद अध्यक्ष राजेश सिंह ने चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर व्यापारियों और आमजन के हित में काम करने के तौर तरीके से अवगत कराया। इसके बाद गुमला के कई समस्याओं से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से अध्यक्ष ने करमडीपा सिसई रोड से लेकर चंडाली तक पहुंचने वाली सड़क की चौड़ीकरण की मांग की। गुमला में जियाडा की जमीन को चिन्हित कर जो व्यापारी उद्योग लगाने के इच्छुक हैं उन्हें आवंटित करने का आग्रह किया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा सचिव बबलू वर्मा उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, कार्यकारणी के अनिकेत कुमार और दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## बीडीओं ने 14 मामलों का किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ के कार्यालय कक्ष में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में ग्रामीणों के 36 शिकायत संबंधित आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें 14 आवेदनों पर ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। इस दौरान आवास योजना से संबंधित पांच मामले, नए राशन कार्ड से संबंधित तीन मामले, वृद्धा पेंशन से संबंधित पांच, मईया सम्मान योजना से संबंधित 22, पारिवारिक हित लाभ से संबंधित एक मामले शामिल थे। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान हेतु दिशा निर्देश संबंधित विभाग के कर्मियों को दिया। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना।

## बच्चे के जन्म के बाद महिला की मौत



उन्नति देवी की फाइल फोटो।

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घाघरा पंचायत कापो टोली निवासी भुनुआ लोहरा की 31 वर्षीय गर्भवती पत्नी उन्नति देवी को रविवार सुबह 8.30 बजे लेबर पेन होने पर परिवार वालों ने सहिया सोनल मिंज को इसकी सूचना दी। सहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलने पर रेफरल अस्पताल सिसई से ममता वाहन बुलाकर उन्नति को 9 बजे अस्पताल में भर्ती करायी। जहां डॉक्टरों की देखरेख में प्रसव कराया गया। प्रसव बहुत मुश्किल से हुआ। उन्नति देवी ने लगभग 10.45 बजे एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन प्लेसेंटा नहीं आया। डॉक्टरों ने कहा कि बच्चा गर्भ में ही लेट्रिंग खा गया है। हालांकि जन्म के बाद नवजात शिशु स्वस्थ है और खतरे से बाहर है। कुछ देर बाद मरीज की तबियत अचानक बिगड़ने लगी तभी डॉक्टर ने जांच कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु दोपहर 12 बजे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। सहिया और उसके पति भुनुआ लोहरा के द्वारा सदर अस्पताल गुमला ले जाकर एक बजे भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टर व नर्सों ने काफी प्रयास किया वहां भी प्लासेंटा नहीं आया। जिसके उपरांत डॉक्टरों ने अपराह्न 3 बजे मरीज को रिम्स रांची रेफर कर दिया। जब सहिया एंबुलेंस के लिए अस्पताल के नीचे आयी तभी 10 मिनट बाद उन्नति ने अस्पताल में ही अपना दम तोड़ दी। डॉक्टरों ने जांच कर उन्नति देवी को मृत घोषित कर दिया एवं शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## भाजपा ने डीसी और एसपी का किया स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष बिनय कुमार लाल के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला जिला के नये उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और नये पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनायें दी। मौके पर जिले का सौंदर्यकरण, विकास, ट्रैफिक जाम की समस्या, अपराध नियंत्रण, युवाओं में नशापान के बढ़ते प्रचलन की रोकथाम सहित विभिन्न पहलुओं पर दोनों पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ,पूर्व जिलाध्यक्ष सविन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश मंत्री भूपन साहू, महामंत्री यशवंत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, रविन्द्र सिन्हा, बिनोद कुमार शामिल थे।











































आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जून, 2025
www.azadsipahi.in



## करंट लगने से महिला की मौत

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह मस्जिद के मुजीम एवं जियलगोरा 16 नंबर धौड़ा निवासी मंसूर अंसारी की पत्नी रेहाना खातून (47) की सोमवार की दोपहर करंट लगने से मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक रेहाना अपने घर में पाइपलाइन से पानी भरने के लिए मोटर लगा रही थी। मोटर में बिजली देने के दौरान वह करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। आननफानन में उसे जियलगोरा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे पति, एक बेटा और तीन बेटियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। वहीं, मृतका का मिट्टी मंजिल डिगवाडीह कब्रिस्तान में किया गया है। उधर, रेहाना खातून की असामयिक मृत्यु पर मस्जिद कमेटी के सरपरस्त खलील चिश्ती, सदर मुख्तार अहमद, सचिव हाजी इजहार, युसूफ अंसारी, मो इस्लाम, मो अख्तर, मजीद उस्ताद आदि ने दुख व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

# संपत्ति विवाद में भतीजे ने चाचा के घर पर किया बम से हमला

## बम धमाके से सीढ़ी क्षतिग्रस्त, दीवारों में पड़ी दरारें, घर में लगी आग

**दो लड़कियों के आंशिक रूप से घायल होने की सूचना, अस्पताल में चल रहा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोरापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भागा बाजार आरा पट्टी मुहल्ले में आपसी विवाद को लेकर युवक ने अपने ही चाचा के घर पर बम से हमला कर दिया। जिससे घर के एक कमरे में आग लग गई और छत पर जाने वाली सीढ़ी ध्वस्त हो गई। घटना सोमवार की दोपहर 12 बजे के आसपास की है। खबर है कि इस घटना में एक लड़की घायल भी हुई है। जबकि आग लगने से घर में रखे समान जल गए और दीवार में दरारें भी आ गई हैं। जानकारी के मुताबिक आरा पट्टी के रहने वाले इरफान अहमद उर्फ शेरू अपने दो साथियों के साथ चाचा अफरोज कुरैशी के घर पहुंचा और अचानक घर पर हमला कर


बम धमाके के बाद क्षतिग्रस्त मकान एवं सामानों की जांच करती पुलिस।

दिया। उस समय घर पर केवल महिलाएं थी। बताया जा रहा है कि उसका अपने चाचा के साथ संपति को लेकर विवाद चल रहा है। शेरू पर आरोप है कि घर के मेन गेट पर बम मारकर फरार हो गया। जिससे घर के कमरे में आग लग गई और घर में रखे समान जल गए है। वहीं, बम धमाके में अफरोज की 13 साल की बेटी सुहारा परवीर के दोनों पैर झुलस गये और वह घायल हो गयी। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। उधर, अचानक हुई तेज आवाज से आरा पट्टी में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। फिर किसी तरह एक घंटे के मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे जोड़ापोखर थाना के एएसआई ने कहा कि बम धमाके की सूचना सही है। जले हुए कपड़े और अन्य सामान पाए गए हैं। पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में जुट गई है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है। जबकि घटना को लेकर बयांम कुरैशी, अफरोज और फिरोज ने थाना में लिखित शिकायत देकर भतीजे इरफान पर अपराधिक छवि का होने और पैतृक संपति हड़पने के उद्देश्य से उसकी हत्या की साजिश के तहत बम मारने का आरोप लगाया। वहीं, इरफान ने भी चाचा बयांम कुरैशी पुत्र अफजल कुरैशी और उसकी पत्नी यास्मीन खातून खुद ही हमला करवाकर झूठा केस करने का आरोप लगाया है।

### बम विस्फोट की बात गलत

जोरापोखर खाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि बम विस्फोट की बात गलत है। इरफान के घर से पटाखा जब्त हुआ है। संभवत: आग लगने के बाद पटाखा जली होगी। आग में जली वस्तुओं के अवशेष का फोरेंसिक जांच कराएंगे ।

## कार-ऑटो की टक्कर में लेबर कोर्ट के कलर्क की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बेकारबांध सूर्य मंदिर के निकट रविवार की देर रात करीब दो बजे कार और ऑटो के बीच टक्कर हो गयी। इस हादसे में ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान कृष्ण महतो के रूप में हुई है। वह पेशे से लेबर कोर्ट के कलर्क बताये जा रहे हैं। जबकि इसी हादसे में ऑटो में सवार उनके ही परिवार के तीन अन्य लोग भी घायल हो गये। सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पार्षद अशोक पाल ने बताया कि कार बेकारबांध से स्टेशन की ओर जा रही थी, जबकि ऑटो स्टेश्न से बरटांड़ की ओर जा रहा है। इसी बीच सूर्य मंदिर के निकट दोनों वाहनों की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का सामने का हिस्सा पूरी तरह धंस गया और उसमें सवार कृष्ण महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से घायलों को एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कृष्ण महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कार को भी क्षति पहुंची है। हालांकि कार में एयर बैग खुल जाने के कारण उसमें सवार लोगों की जान बच गयी। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## द्वारिका मेमोरियल के अभिनय को जेइइ एडवांस में लाया 564 रैंक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जेइइ एडवांस की परीक्षा में बिशनपुर स्थित द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के अभिनय कुमार ने 564 रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अभिनय के पिता का नाम गौरी शंकर पांडे एवं माता का नाम सुनंदा पांडे है। वहीं, कोमल सिंह ने भी जेइइ एडवांस में 5000 रैंक प्राप्त किया है। कोमल के पिता धर्मेंद्र सिंह एवं माता का नाम सुनीता सिंह है। निदेशक डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह, प्राचार्य मदन कुमार सिंह, उप प्राचार्या वंदना विहार और पुष्पा सिंह सहित सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने अभिनय एवं कोमल की उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जैक 12वीं परीक्षा में विज्ञान और कॉमर्स में सफल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** जैक 12वीं परीक्षा में विज्ञान संकाय में कतरास वीके ट्यूटोरियल के बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर सोमवार को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि उक्त संस्थान के बच्चों का शत प्रतिशत परिणाम रहा। जिसमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थी गौतम कुमार, अमरनाथ, शीतल महतो प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं खुमम सुमन कुमारी, अविनाश श्रीवास्तव, रिद्धी पांडेय द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सफल विद्यार्थियों का अगला लक्ष्य इंजीनियर और डॉक्टर बनना है। संस्थान के निदेशक विकास कुमार साहू ने कहा कि माली की ही तरह शिक्षक भी बच्चों की बेहतर देखभाल कर उनके बीच शिक्षा बांट कर उन्हें सफल बनने में सहयोग करते हैं।

## पुलिस ने दो बाइक चोर को दबोचा, भेजा जेल



**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** निमियाघाट पुलिस ने दो बाइक चोर को गिरफ्तार कर सोमवार को गिरिडीह जेल भेज दिया। साथ ही चोरी की तीन बाइक भी बरामद की है। सोमवार को निमियाघाट थाना में संवाददाता सम्मेलन कर इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निमियाघाट थाना क्षेत्र के अरगाघाट में 27-28 मई की रात एक बाइक चोरी हुई थी। जिसे लेकर बाइक मालिक राहुल शेख ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उधर, घटना का उद्भेदन करने के लिए एसपी द्वारा दिये गये निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया, जो लगातार अभियान चला रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना पाकर नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही निवासी शंकर तुरी और सदाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके पास से चोरी की बाइक सहित दो अन्य बाइक भी बरामद की गयी। इस मौके पर थाना प्रभारी सुमन कुमार और एएसआई शमीम अख्तर आदि उपस्थित थे।

## मंइयां सम्मान योजना को लेकर शिविर का आयोजन, उमड़ी महिलाओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को मंईयां सम्मान योजना से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मईयां सम्मान योजना के लाभुकों की भारी भीड़ उमड़ी। फुसरो नप क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं और युवतियां सुबह से ही कार्यालय पहुंचने लगी। शिविर में नए आवेदन के लिए महिला और युवतियों को भटकते हुए भी देखा गया। बेरमो सीओ संजीत कुमार ने कहा कि पूर्व में भी योजना का लाभ दिलाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया था, उनमे से कई लाभुक छुट गये थे। जिन्हें सूची के अनुसार फोन के माध्यम से सूचित कर कार्यालय बुलाया गया एवं योजना का लाभ लेने के लिए भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। फुसरो नप क्षेत्र में सैकडो लाभुक नन डीबीटी है। जिस कारण उन्हें राशि का भुगतान नहीं हो सका है। इन समस्याओं का निदान कराने को लेकर ही शिविर का आयोजन किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की सुविधा को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से लाभुकों की गलतियों में सुधार किया जा रहा है। मौके पर कम्पयुटर ऑपरेटर बिनोद रजक, अनुसेवक सनोज रजक आदि लोग मौजूद थे।




कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।

निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 158/जि0प0 दिनांक 21.05.2025 एवं PR No. 353276 तिथि 21.05.2025 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2025–26 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | पूर्व में प्रकाशित तिथि | | | वर्तमान में संशोधित तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
| 1 | 01 | Construction of Zila Parishad Koderma Office Building | 30.05.2025 | 31.05.2025 से 06.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 09.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 05.06.2025 | 06.06.2025 से 12.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 14.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 354065 Panchayati Raj(25-26)D


## कतरास को मिला एनएबीएल प्रमाणीकरण, हर्ष



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र ने अपने कोयला परीक्षण प्रयोगशाला के लिए प्रतिष्ठित एनएबीएल नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज प्रमाणीकरण प्राप्त किया है। इस उपलब्धि का श्रेय महाप्रबंधक राज कुमार अग्रवाल, मणिकांत पांडे, अपर महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, महा प्रबंधक (खनन) चंद्र राज सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी उमंग ठक्कर और प्रयोगशाला कर्मचारियों को दिया गया। प्रयोगशाला टीम में प्रसून चटर्जी, सूरज प्रसाद, प्रभु नाथ सिंह, अभिषेक भृगुवंशी और मुकेश कुमार शामिल हैं, जिन्होंने मान्यता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रमाणीकरण कतरास क्षेत्र की उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने और कोयला परीक्षण में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एनएबीएल मान्यता प्रयोगशाला के परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता को बढ़ाएगी, जिससे ग्राहकों और हितधारकों को समान रूप से लाभ होगा। कतरास क्षेत्र की यह उपलब्धि प्रयोगशाला परीक्षण में उत्कृष्टता को दर्शाता है।

## टोटो चालकों ने अवैध वसूली की खबर पाकर पहुंचे वैभव सिन्हा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के संरक्षक वैभव सिन्हा ने धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी गेट का दौरा किया। यह दौरा हाल ही में नियुक्त पार्किंग ठेकेदार द्वारा टोटो चालकों से अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर किया गया। चालकों ने बताया कि केवल रास्ते से गुजरने या यात्रियों को उतारने के दौरान भी जबरन वसूली की जा रही है। वैभव सिन्हा के साथ प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संगठन के संस्थापक मुन्ना कुशवाहा आदि उपस्थित थे। संगठन के प्रतिनिधियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पार्किंग ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी कि वह इस प्रकार की अवैध वसूली और जबरदस्ती बंद करे, अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। वैभव सिन्हा ने रेलवे अधिकारियों से भी बातचीत कर नामित पार्किंग क्षेत्र की स्पष्टता, पार्किंग ढांचे में सुधार और मासिक पार्किंग शुल्क में कटौती करने की मांग रखी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक से मुलाकात करेगा।


न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या–113/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 मुनीर आलम पिता–पच्चु मियां वो कोरैशा बीबी पति–इसमाईल मियां, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 269 | 2034 | 2.11 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,लातेहार

PR 354080 District(25-26).D


## गोमिया बीडीओ ने स्वांग में किया जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्वांग वनबी स्थित जयनारायण गोप के जन वितरण प्रणाली दुकान का सोमवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो ने निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने दुकान के स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, भंडार पंजी के साथ ही उपलब्ध अनाज और अन्य सामाग्री की गुणवत्ता और मात्रा का निरीक्षण किया। बीडीओ ने कहा कि लाभुकों को जून माह में जून, जुलाई एवं अगस्त माह तक का राशन का वितरण किया जाना है, जिसके तहत 15 जून तक जून एवं जुलाई माह का राशन का वितरण करना है। जबकि 16 जून के बाद अगस्त माह के राशन का वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी दुकानों में वितरण की स्थिति की देखरेख के लिए कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों को ससमय और सही मात्रा में सामाग्री उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर जिप सदस्य आकाशलाल सिंह, स्वांग दक्षिणी के पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, अजय रंजन यादव आदि उपस्थित थे।

# पंख एक नयी दिशा संस्था ने कराया 11 जोड़ो का दहेज रहित सामूहिक विवाह

## विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह एवं सांसद की पत्नी ने दिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सामाजिक संस्था 'पंख एक नई दिशा' के उल्लेखनीय प्रयासों से रविवार को धईया में दहेज रहित 11 जोड़ो का सामूहिक विवाह गायत्री विधि से संपन्न हुआ। इसमें धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी, बीसीसीएल के पर्सनल डायरेक्टर मुरली कृष्ण रमैया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा, श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, श्वेता किन्नर, सुनैना किन्नर, संगीता सिंह, रेनू शरण, प्रदीप सिंह, रवि शेखर, शिव शंकर गुप्ता और बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के गोपाल भट्टाचार्य आदि शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। सांसद की पत्नी सावित्री देवी ने संस्था के सभी सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी और संस्था को मोमेंटो प्रदान किया। वहीं, उदय प्रताप सिंह ने पंख एक नई दिशा द्वारा 11 कन्याओं का विवाह कराने को प्रशंसनीय एवं उल्लेखनीय कार्य बताया। उधर, 11 जोड़ों के विवाह समारोह के सैकड़ों लोग गवाह बने। हालांकि विवाह से पूर्व सभी दूल्हों की बारात टोटो पर निकाली गयी। विवाह स्थल पहुंचने पर समधी मिलन हुआ। फिर विवाह स्थल पर जयमाला रस्म पूरी की गई। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि सभी महिला सदस्य इस आयोजन की तैयारी में पिछले दो महीने से जुटी थीं। विगत 26 मई को सभी 11 वर-वधू को शादी के कपड़े दिये गये थे। जबकि शादी से एक दिन पहले मेहंदी की रस्म और लेडिज संगीत कार्यक्रम हुआ। बताया कि शादी के बाद वर-वधू को गृहस्थी बसाने के सभी सामान उपहार स्वरूप देकर विदाई की गयी। वहीं, कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद ने बताया कि इस सामूहिक विवाह से समाज में तिलक रहित विवाह के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराने में संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सुधा गुप्ता, रेखा गोयल, बबिता सिंह, रंजना सिंह, कल्पना रंजन, नीतू मुस्कान, सुशीला ओझा, पूनम सिंह, मनीष गुप्ता और शशि शेखर गुप्ता का योगदान महत्वपूर्ण रहा।





कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-05/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि– | 09.06.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 10.06.2025के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.06.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0......चतरा का कार्यालय । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय,भवन प्रमण्डल,चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 250 MT Godown at Lawalong BlockBlock, Dist- Chatra. | 8,63,700.00 | 17500.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 2 | Renovation of 500 MT Godown at Lawalong Block Block, Dist- Chatra. | 11,04,500.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 3 | Renovation of 250 MT Godown in Construction of office and toilet in Pathalgada Block, Dist-Chatra | 15,27,400.00 | 31000.0 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | Renovation of 500 MT Godownin Simaria Block, Dist.-Chatra | 12,99,000.00 | 26000.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 5 | Renovation of 250 MT Godownin Simaria Block, Dist.-Chatra | 4,47,400.00 | 9000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | Renovation of 250 MT Godown in Construction of office and toilet in Kunda Block, Dist-Chatra | 15,79,300.00 | 32000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | Renovation of 250 MT Godown in Construction Apporach Road in Hunterganj Block, Dist-Chatra | 9,26,800.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 8 | Renovation of 1500 MT Godown in Hunterganj Block, Dist-Chatra | 21,43,800.00 | 43000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9 | Renovation of 250 MT Godownin Pratappur Block, Dist.- Chatra | 9,47,500.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 10 | Renovation of 250 MT Godownin Kanhachatti Block, Dist.- Chatra | 18,59,100.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11 | Renovation of 250 MT Godownin Itkhori Block, Dist.-Chatra | 11,21,700.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 12 | Renovation of 500 MT Godownin Gidhour Block, Dist.-Chatra | 9,26,450.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |

नोट- 1.निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकताहै।
2.बैंक ड्राफ्ट निविदा कार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 354034 Building(25-26)#D

# जेइइ एडवांस में चैंप स्क्वॉयर के कुमार सक्षम को देश में 1101वीं रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जेइइ एडवांस परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैंप स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की। चैंप स्क्वॉयर के कुमार सक्षम चैंप क्लासरूम प्रोग्राम में पढ़े हैं। उन्होंने आल इंडिया रैंक 1101 लाकर चैंप स्क्वॉयर एवं रांची का मान बढ़ाया। इसके अलावा वेद वत्सल, अनवेश शेखर, तनुश्री, सताक्षी, सुमित, दिव्या गुप्ता, जतीन विजय, कुमार मंयक, पियुष और अन्य छात्रों ने भी जेइइ एडवांस में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

चैंप स्क्वॉयर से कुल 79 बच्चों ने आइआइटी जेइइ, 2025 एडवांस में सफलता दर्ज करवायी, जो कि संस्थान के लिए काफी सुखद है। चैंप स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप में सुबह 10 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं, जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार समस्या का निराकरण करा सकते है।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैंप स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैंप स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है। संस्थान के सभी निदेशकों ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैंप स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी-तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है।

निदेशक मनीष सिन्हा और मनीष आनंद ने छात्रों को बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैंप स्क्वॉर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी। बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

# सरला बिरला के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेइइ एडवांस्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सक्षम गोयल ने एआइआर-1713 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एआइआर-14714 के साथ रूपेश आनंद और एआइआर-25344 के साथ अन्वेषा अग्रवाल ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने शिक्षकों के ईमानदार प्रयासों, माता-पिता के निरंतर समर्थन की सराहना की और उपलब्धि हासिल करने वालों को उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# डीपीएस रांची की नुपूर सिंह एआइआर 2139 के साथ अव्वल






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है, क्योंकि इसके 50 से अधिक छात्रों ने प्रतिष्ठित जेइइ एडवांस्ड 2025 में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता के शिखर पर रहीं नूपुर सिंह, जिन्होंने आल इंडिया रैंक (एआइआर) 2139 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनका यह प्रदर्शन उनकी मेहनत, लगन और डीपीएस रांची द्वारा प्रदान किये गये मजबूत शैक्षणिक सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हम जेईई एडवांस्ड 2025 में हमारे छात्रों की उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। मैं शिक्षकों और अभिभावकों को भी दिल से धन्यवाद देती हूं। सफल छात्रों में नूपुर सिंह 2139, दृप्त दिव्यांश पांडे 2533, आदित्य शौर्य सिंह 4393, तेजस तनय 5041, वेद वत्सल 5049, अन्वेष शेखर 5243, प्रेयश प्रत्यूष 5791, आकाश साहू 6279, सिद्धांत शुक्ला 8483, रुद्राक्ष राय 10816, अर्णव राठौड़ 12808, आर्यावर्त सिंह 15781, सक्षम सिंह 17179, राज आर्यन 17364, पुलक बागरिया 20997, सिद्धार्थ ओएम 27779, गौरव कुमार 32532, अभिनीत जॉय कच्छप, आदित्य कुमार और आर्यन कुमार शामिल हैं।

# आल इंडिया रैंक 938 हासिल कर ब्रदर्स ऐकेडमी के साहिल बने टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेइइ एडवांस में आल इंडिया रैंक 938 हासिल कर ब्रदर्स ऐकेडमी के साहिल आकाश बने टॉपर बने हैं। ब्रदर्स ऐकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है, उनके नाम साहिल ने 938, आनंद ने 987, शौर्य ने 1714, आर्यन ने 2367 और तान्या ने आल इंडिया रैंक 2876 हासिल किया हैं। ब्रदर्स ऐकेडमी के 115 से अधिक छात्रों ने जेइइ एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया।

छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशाजनक रहा।

## ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्र.सं. : 1 ई- निविदा सं. : 86-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल – व.मं. अभि./1/ धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप – कुल –228 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 (साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 11,35,44,000.00, **क्र.सं. : 2 ई- निविदा सं. : 87-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल – व.मं.अभि. /2/ धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप – कुल 51 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 ( साठ ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 2,53,98,000.00 , **क्र.सं. : 3 ई- निविदा सं. : 88-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल –व.मंअभि. /3/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल 147 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 ( साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 7,32,06,000.00, **क्र.सं. : 4 ई- निविदा सं. : 89-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल– व.मंअभि. /4/धनबाद के क्षेत्राधिकार में व.मं.अभि./ रेणुकुट के अधीन 01 (एक) कि.मी. श्रेणी के रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप – कुल– 56 सेट ) के ट्रैक आधारित का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 (साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 2,78,88,000.00, **क्र.सं. : 5 ई- निविदा सं. : 90-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल – व.मंअभि. /4/धनबाद के क्षेत्राधिकार में व.मं.अभि./ चोपन के अधीन 01 (एक) कि.मी. श्रेणी के रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप – कुल–72 सेट) के ट्रैक आधारित का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 (साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 3,58,56,000.00, **क्र.सं. : 6 ई- निविदा सं. : 91-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल– मं.अभि. /5 / धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–46 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 (साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 2,29,08,000.00, **क्र.सं. : 7 ई- निविदा सं. : 92-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल – व.मं.अभि. /ट्रैक/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–59 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन, कमिशनिंग एवं संचालन। **60 (साठ) महीने, कार्य की लगभग लागत (रु. में) :** 2,93,82,000.00, **ब्याने की राशि (रु. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 23.06.2025 को 12.00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 23.06.2025 को 12.30 बजे से, **वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0344/डीएचएन/ईजी./टी/25-26/96
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**